संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com


अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 105 शनिवार 15 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### महाकुंभ को बदनाम करने वालों पर पुलिस हुई सख्त

**54 सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ एफआईआर दर्ज**

**प्रयागराज, 14 फरवरी 2025(ए)।** महाकुंभ 2025 की जहां एक तरफ पूरे विश्व में प्रशंसा हो रही है, वहीं दूसरी तरफ ऐसे तत्व भी कम नहीं हैं, जो सोशल मीडिया के जरिए फर्जी वीडियो और भ्रामक खबरें पोस्ट करके सनातन धर्म के इस सबसे बड़े धार्मिक, सांस्कृतिक समागम को बदनाम करने में लगे हुए हैं। यूपी पुलिस ऐसे कुत्सित प्रयास करने वालों से सख्ती बरत रही है।



### किन्नर अखाड़ा की महा मंडलेश्वर कल्याणी नंद गिरी पर किया गया जानलेवा हमला



**कार रुकवाकर आरोपी ने मारी चाकू**

**प्रयागराज,14 फरवरी 2025(ए)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुंभ के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर है कि किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कल्याणी नंद गिरी और उनके शिष्यों पर जानलेवा हमला हुआ है। बताया जा रहा है कि हमलावर ने आशीर्वाद लेने के बहाने कल्याणी नंद गिरी पर चाकू से हमला किया है। फिलहाल कल्याणी नंद गिरी और घायलों को उपचार के लिए सेक्टर 2 के स्वरूप रानी अस्पताल ले जाया गया है।

### पूर्व मुख्यमंत्री की करोड़ों की संपत्ति सरकार को ट्रांसफर



**27 किलोग्राम सोना, 1116 किलोग्राम चांदी और 1526 एकड़ जमीन के कागजात हैं शामिल**

**बेंगलुरु,14 फरवरी 2025(ए)।** आय से अधिक मामले में जब्त तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की करोडों की संपत्ति को आज तमिलनाडु सरकार को ट्रांसफर कर दिया गया है. तमिलनाडु सरकार को ट्रांसफर की गई संपत्तियों में 27 किलोग्राम सोना, 1116 किलो चांदी और जमीन के कागजात शामिल हैं।

### केजरीवाल सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन फिर जाएंगे जेल?



**अभियोग चलाने ईडी ने राष्ट्रपति से मांगी मंजूरी**

**नई दिल्ली,14 फरवरी 2025(ए)।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को सत्येंद्र जैन के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत मामला चलाने के लिए राष्ट्रपति से मंजूरी मांगी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर इस मामले में अभियोजन चलाने के लिए पर्याप्त सबूत मिले हैं।

### रणवीर अल्लाहबादिया को सुप्रीम कोर्ट से तगड़ा झटका



**अदालत ने इस बात से किया इनकार**

**नई दिल्ली,14 फरवरी 2025(ए)।** यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादी ने विवादित टिप्पणी करने के कारण सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सीजीआई ने तुरंत सुनवाई की मांग को अस्वीकार कर दिया है और जल्द ही तारीख देने का आश्वासन दिया है।

# भारत-अमेरिका की बैठक से बांग्लादेश टेंशन में

» पीएम मोदी ने ट्रंप से ऐसा क्या कह दिया,जिससे बांग्लादेश में युनूस सरकार की बढ़ जाएगी टेंशन?

» मोदी ने ट्रंप को बांग्लादेश के हालात पर चिंता जताई...

» बांग्लादेश में हालिया राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा हुई...

» ट्रंप ने डीप स्टेट की भूमिका से इनकार किया



**नई दिल्ली, 14 फरवरी 2025 (ए)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बैठक में बांग्लादेश के हालात पर भारत ने चिंता जताई। शेख हसीना को सत्ता से हटाए जाने और एक अंतरिम सरकार के गठन के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्ते दशकों में अपने सबसे निचले स्तर पर आ गए हैं। पीएम मोदी ने ट्रंप को बताया कि वो इस स्थिति को कैसे देखते हैं। यह बैठक इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि आवामी लीग सरकार के पतन का कारण बने विरोध प्रदर्शनों में अमेरिका के डीप स्टेट की भूमिका हो सकती है।

### राणा का प्रत्यर्पण भारत की बड़ी जीत

पीएम मोदी का अमेरिका दौरा भारत के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है। कई सालों से भारत तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का अनुरोध कर रहा था। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में और प्रत्यर्पण हो सकते हैं। राणा पर 2008 के मुंबई हमलों में शामिल होने का आरोप है, जिसमें 166 लोग मारे गए थे। ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि और किन लोगों को प्रत्यर्पित किया जा सकता है, लेकिन भारत ने अमेरिका से कई प्रत्यर्पण अनुरोध किए हैं। गुरुवार को व्हाइट हाउस में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने कहा, %हम एक बहुत ही हिंसक आदमी (तहव्वुर राणा) को तुरंत भारत वापस भेज रहे हैं... और भी लोग हैं क्योंकि हमारे पास काफी अनुरोध हैं। हम भारत के साथ अपराध पर काम करते हैं, और हम भारत के लिए चीजों को बेहतर बनाना चाहते हैं।

### बांग्लादेश के मुद्दे पर दोनों नेताओं ने की चर्चा

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश में हाल के घटनाक्रम के प्रति अपनी चिंताओं से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अवगत कराया। मिस्री ने कहा कि बांग्लादेश की स्थिति दोनों नेताओं के बीच चर्चा का विषय थी। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश के घटनाक्रम के बारे में अपने विचार और चिंताओं को साझा किया और बताया कि भारत इसे किस रूप में देखता है।'

### ट्रंप ने डीप स्टेट की भूमिका पर क्या कहा?

मोदी के साथ बातचीत से पहले मीडिया ने ट्रंप से इस अटकल के बारे में पूछा गया था। उन्होंने जवाब दिया कि पिछले साल बांग्लादेश में सरकार बदलने में अमेरिका का कोई हाथ नहीं था। ट्रंप ने कहा, हमारे डीप स्टेट की कोई भूमिका नहीं थी। यह कुछ ऐसा है जिस पर प्रधानमंत्री लंबे समय से काम कर रहे हैं, और सच कहूं तो सैकड़ों वर्षों से काम किया जा रहा है। मैं इसके बारे में पढ़ रहा हूं, लेकिन मैं बांग्लादेश को प्रधानमंत्री पर छोड़ दूंगा।

### युनूस सरकार की बढ़ेगी टेंशन

हालांकि मिस्री ने विस्तार से जानकारी नहीं दी, लेकिन भारत ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा देश के हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों और घटनाओं से निपटने के तरीके पर बार-बार चिंता व्यक्त की है। भारतीय पक्ष बांग्लादेश और पाकिस्तान की सेनाओं, खासकर उनकी खुफिया एजेंसियों के बीच तेजी से बढ़ते संबंधों को लेकर भी चिंतित है। साथ ही, अंतरिम सरकार में शामिल बांग्लादेशी छात्र नेताओं की टिप्पणियों को लेकर भी चिंता है, जिन्हें भारतीय हितों के लिए नुकसानदेह माना जा रहा है।

# आरबीआई ने को-ऑपरेटिव बैंक पर लगाया बैन

### ग्राहकों में मचा हड़कंप

**नई दिल्ली,14 फरवरी 2025(ए)।** भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक अनियमितताओं और बैंक की कमजोर वित्तीय स्थिति को देखते हुए न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। इस फैसले के तहत 13 फरवरी, 2025 से अगले छह महीनों तक खाताधारक अपने खाते से कोई भी राशि नहीं निकाल सकेंगे।
आरबीआई ने बैंक की लिक्विडिटी और वित्तीय स्थिरता की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया है। यदि समय रहते यह कदम न उठाया जाता, तो बैंक पूरी तरह से डूबने की कगार पर पहुंच सकता था। केंद्रीय बैंक का यह कदम जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए लिया गया है।

### बैंक के बाहर उमड़ी ग्राहकों की भीड़

इस खबर के फैलते ही मुंबई के अंधेरी स्थित विजयनगर शाखा के बाहर खाताधारकों की भारी भीड़ जुट गई। ग्राहकों में गुस्सा और घबराहट देखी जा रही है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कूपन सिस्टम लागू किया गया है, जिससे ग्राहक अपने लॉकर खोल सकते हैं, लेकिन जमा धनराशि निकालने की अनुमति नहीं है।



### आरबीआई के प्रतिबंध: क्या-क्या बदलेगा?

**आरबीआई ने बैंक पर कई वित्तीय गतिविधियों पर रोक लगाई है:**

- ✷ नए लोन जारी करने पर पूरी तरह रोक
- ✷ कोई भी ग्राहक अपने खाते से पैसे नहीं निकाल सकेगा
- ✷ बैंक की संपत्तियों को बेचा या गिरवी नहीं रखा जा सकता
- ✷ बैंक के वित्तीय लेन-देन पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी

### डिपॉजिटर्स को कितना नुकसान?

मार्च 2024 तक इस बैंक में ₹2436 करोड़ की जमा राशि थी। हालांकि, ग्राहकों को राहत देने के लिए डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन के तहत ₹5 लाख तक की बीमा सुरक्षा मिलेगी। यानी, यदि किसी ग्राहक के खाते में ₹5 लाख या उससे कम की राशि है, तो उसे बीमा के तहत यह राशि वापस मिल सकती है।

### ग्राहकों में नाराजगी, क्या होंगे आगे के कदम?

बैंक के बाहर जमा लोग आरबीआई के अचानक लिए गए फैसले से नाराज हैं। उनका कहना है कि यदि बैंक पर कार्रवाई करनी थी, तो पहले सूचित किया जाना चाहिए था। खाताधारकों के सामने अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि उनके जमा पैसे सुरक्षित हैं या नहीं?

### अब ग्राहकों को क्या करना चाहिए?

- ✷ डीआईसीजीसी बीमा क्लेम के लिए आवेदन करें
- ✷ आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट से अपडेट लेते रहें
- ✷ बैंक अधिकारियों से संपर्क करें और आगे की प्रक्रिया समझें
- ✷ किसी भी अफवाह से बचें और केवल आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करें

### क्या ग्राहकों के पैसे सुरक्षित हैं?

फिलहाल, बैंक की आर्थिक स्थिति गंभीर बनी हुई है। हालांकि, जिन ग्राहकों के खाते में ₹5 लाख से अधिक की राशि जमा है, उन्हें कुछ समय तक इंतजार करना पड़ सकता है। आरबीआई बैंक की स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आगे के फैसले परिस्थितियों के आधार पर लिए जाएंगे।



### पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर पीएम मोदी,शाह और राजनाथ ने किया नमन

**नई दिल्ली,14 फरवरी 2025(ए)।** पुलवामा आतंकी हमले को आज 6 साल हो गए हैं. आज ही के दिन 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने विस्फोटक लदे एक वाहन से सीआरपीएफ जवानों की बस को जोरदार टक्कर मार दी थी. इस हादसे में हमारे 39 जवान शहीद हो गए थे। वहीं, कई जवान गंभीर रूप से घायल भी हुए थे।यह काली घटना भले ही छह साल पुरानी हो गई हो, लेकिन आज तक सभी के जेहन में याद है। इस मौके पर देश के तमाम दिग्गज वीर शहीदों को याद कर रहे हैं और उनको श्रद्धांजलि दे रहे हैं। पुलवामा आतंकी हमले की छठी बरसी पर पीएम मोदी ने देश के वीर सपूतों को याद किया है। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने भी शहीद जवानों को नमन किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी है।

# सुप्रीम कोर्ट ने प्रशिक्षु आईएएस पूजा खेडकर को दी राहत



**इस शर्त के साथ बढ़ाई अंतरिम जमानत**

**नई दिल्ली,14 फरवरी 2025(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से संरक्षण देने के अपने अंतरिम आदेश को बढ़ा दिया है। पूजा खेडकर पर 2022 संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा के लिए पात्रता प्राप्त करने के लिए अपने दस्तावेजों में जालसाजी करने का आरोप है।
न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू के अनुरोध पर दिल्ली पुलिस को खेडकर द्वारा अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए और समय दिया। पीठ ने खेडकर से जांच में सहयोग करने को कहा सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि ÷तीन सप्ताह बाद सूचीबद्ध करें। तब तक अंतरिम संरक्षण जारी रखा जाए, बशर्ते वह जांच में सहयोग कर रही हो। मामले की सुनवाई के दौरान, खेडकर का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने पीठ को बताया कि उन्हें पुलिस ने पूछताछ के लिए नहीं बुलाया है और वह सहयोग करने को तैयार हैं। सुनवाई की पिछली तारीख पर, शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि अगली सुनवाई तक पूर्व प्रशिक्षु पूजा खेडकर के खिलाफ कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाए। खेडकर पर संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा पास करने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग और बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण का धोखाधड़ी से लाभ उठाने का आरोप है।



# दिल्ली में शपथ ग्रहण की तारीख आई सामने

**नई दिल्ली,14 फरवरी 2025(ए)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 19 या 20 फरवरी को हो सकता है। वहीं,विधायक दल की बैठक 17 और 18 फरवरी को आयोजित की जाएगी, जिसमें नई सरकार के गठन से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

### सीआरपीएफ जवान ने अपने ही दो साथियों को मारी गोली

**खुद भी कर लिया सुसाइड,मचा हड़कंप**

**इंफाल,14 फरवरी 2025(ए)।** मणिपुर पुलिस ने बताया कि गुरुवार को इम्फाल पश्चिम जिले के लामसांग में स्थित एक सीआरपीएफ शिविर में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। एक सीआरपीएफ जवान ने अपने दो सहयोगियों की हत्या कर दी और आठ अन्य को घायल कर दिया, जिसके बाद उसने खुदकुशी कर ली। मणिपुर पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी है।



# राष्ट्रपति भवन में दुल्हन बनी प्रदेश की बेटी पूनम गुप्ता



**पूरे रीति रिवाज के साथ लिए सात फेरे**

**शिवपुरी,14 फरवरी 2025(ए)।** इन दिनों मध्यप्रदेश की जांबाज बेटी पूनम गुप्ता की चर्चा पूरे देश में हो रही है। और चचा हो भी क्यों न? पूनम की शादी राष्ट्रपति भवन में जो हुई है। लेकिन सोचने वाली बात ये है कि पूनम की शादी राष्ट्रपति भवन में क्यों हुई? दरअसल मध्यप्रदेश के शिवपुरी में रहने वाली पूनम गुप्ता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सुरक्षा में तैनात हैं। पूनम सीआरपीएफ की जवान है जो महिला असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर पदस्थ हैं। बताया जाता है कि पूनम के काम से राष्ट्रपति महोदया बेहद खुश हैं, जिसके चलते उन्होंने पूनम की शादी राष्ट्रपति भवन में आयोजित करने का फैसला लिया।

### ज्ञानेश कुमार होंगे नए मुख्य चुनाव आयुक्त



**18 फरवरी को रिटायर होंगे मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार**

**नई दिल्ली,14 फरवरी 2025(ए)।** देश के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार अगले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार बन सकते हैं। इसके लिए 17 फरवरी को अहम बैठक होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल और विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस बैठक में मौजूद रहेंगे। चयन समिति मुख्य चुनाव आयुक्त के लिए पांच उम्मीदवारों के नाम भेजेगी। सूत्रों के अनुसार, कमिटी ने 480 से ज्यादा उम्मीदवारों में से पांच नामों का चयन किया है।



# बीजेपी नेता के घर ईडी की रेड

» पैसे गिनने की मशीनें लेकर पहुंचे अफसर

» 17 घंटे तक घर को खंगालती रही टीम

**पानीपत,14 फरवरी 2025(ए)।** हरियाणा के पानीपत में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने बीजेपी नेता के घर दबिश दी है। ईडी की टीमें पूर्व सांसद संजय भाटिया के मौसा नीति सेन भाटिया के घर छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि ईडी की टीम गुरुवार सुबह सात बजे तक पानीपत शहर के मॉडल टाउन में बीजेपी के वरिष्ठ नेता नीतिसैन भाटिया के आवास पर पहुंची। जो कि रात को 12~20 बजे आवास से निकली। खास बात है है कि टीम ने अपने साथ पैसा गिनने की मशीन में साथ लेकर गई थी। संभावना है कि घर के अंदर भारी मात्रा में कैश रखा गया है। हालांकि, अब तक कुछ ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

# संपादकीय

## अवैध अप्रवासियां निर्वासित हुए

अंततः महिला,पुरुष और बच्चों सहित एक सौ चार अवैध भारतीय अप्रवासियों को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान भारत पहुंच गया। अमेरिका में उचित दस्तावेज के बिना रहने वाले इन भारतीयों में पंजाब, हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के लोग हैं। वैसे तो अमेरिका अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करता रहता है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल का भारत के लिए यह पहला निर्वासन है। इस संबंध में भारत और अमेरिका के बीच बात भी हो चुकी थी और ऐसा निर्वासन ट्रंप की चुनावी घोषणाओं में भी शामिल था। जहां कुछ अन्य देशों ने इस तरह के निर्वासन पर अपनी आपत्ति जताई वहां भारत ने इसे सहज स्वीकार किया है। कोई भी संप्रभु राष्ट्र ऐसे अप्रवासियों को बर्दाश्त नहीं कर सकता जो अवैध तरीके से पहुंच कर न केवल उनके आर्थिक संसाधनों पर बोझ बनते हैं,बल्कि कानून व्यवस्था के लिए भी संकट खड़ा करते हैं। अमेरिका सहित यूरोप के बहुत से देश इस तरह के अप्रवासन का संकट महसूस कर रहे हैं। स्वयं भारत भी अवैध घुसपैठियों की समस्या का सामना कर रहा है। यहां के राजनीतिक हलकों में हर दिन इसकी गूंज सुनाई देती है। इस समय भारत सरकार की नीति भी अवैध अप्रवासियों को रोकने की है जो पड़ोसी देशों से आकर बस गए हैं।भले ही इस पर कुछ समूह मानवाधिकार या नैतिकता का प्रश्न खड़ा करें लेकिन भारत के पास स्वयं अपनी स्थिति को देखते हुए इस निर्वासन को अमेरिकी शतरे के साथ स्वीकार करने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। वैसे भारत की जिम्मेदारी यह भी बनती है कि वह दोहरी व्यवस्था को चाक-चौबंद करे। पहली यह कि उसके यहां अवैध अप्रवासन न हो और दूसरी यह कि यहां से अवैध ढंग से पलायन न हो।भारत एक और गंभीर समस्या से जूझ रहा है कि बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी अमेरिका, यूरोप के देशों में जाकर बसते हैं, जो या तो भारत विरोधी हैं, या आपराधिक गतिविधियों में संलग्न हैं। ऐसे लोग भारत में प्रताड़ित होने का स्वांग रचते हैं, और सहानुभूति के नाम पर वहां की नागरिकता प्राप्त कर लेते हैं।अमेरिका और कनाडा से ऐसी घटनाएं उजागर हुई हैं जिन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को खतरे में डाला है। इसलिए भारत सरकार को प्रयास करना चाहिए कि अवैध तरीके से लोगों को विदेश भेजने वाले गिरोहों पर लगाम लगाए। उम्मीद की जानी चाहिए कि अमेरिका का निर्वासन का यह कदम भारत की अपनी निर्वासन नीति को भी मजूबती प्रदान करेगा।

# दिल्ली जीतकर भाजपा ने दिखाई धमक



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू,राजस्थान

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर अपनी धमक दिखायी है। 1998 में भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव हार गई थी। उसके बाद इस बार के चुनाव में ही भाजपा जीत कर अपनी सरकार बनाने वाली है। लगातार छह बार विधानसभा चुनाव में हारने से भाजपा के लिए इस बार के दिल्ली विधानसभा के चुनाव बड़ी प्रतिष्ठा के सवाल बने हुए थे। इसीलिए भाजपा ने दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जीत हासिल करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली में मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के कई दिग्गज नेताओं को हराकर अपनी पुरानी हार का बदला ले लिया है।

पिछले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने करीबन 30 विपक्षी दलों को साथ लेकर भाजपा के खिलाफ एक मजबूत इंडिया गठबंधन बनाया था। जिसमें शामिल सभी विपक्षी दलों ने ज्यादातर सीटों पर एक साथ मिलकर चुनाव लड़कर भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को 293 लोकसभा सीट ही मिल पाई थी। जबकि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा महज 240 सीटों पर सिमट गई थी। वहीं इंडिया गठबंधन ने 236 सीटे जीती थी। कांग्रेस 53 सीटों से बढ़कर 99 सीटों पर पहुंच गई थी। इसी तरह समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में 5 सीटों से बढ़कर 37 सीटों पर पहुंच गई थी।

हालांकि एनडीए गठबंधन में शामिल साथी दलों के सहयोग से भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केन्द्र में सरकार बनाने में सफल रही। मगर सामान्य बहुमत से दूर रहने के चलते भाजपा का मनोबल काफी कमजोर हो रहा था। वहीं इंडिया गठबंधन में शामिल विपक्षी दलों की लोकसभा में संख्या बढ़ने से वह सरकार पर जोरदार हमला कर रहा था।

लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस को पूरा भरोसा था कि उनकी पार्टी की सरकार बनेगी। इसलिए कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से इतर विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी से समझौता नहीं कर अकेले ही चुनाव मैदान में उतरी थी। मगर हरियाणा विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने 48 सीटे जीतकर कांग्रेस को करारी शिकस्त दी थी। हरियाणा में जीत से देशभर में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ा। भाजपा ने हरियाणा में जहां लगातार तीसरी बार सरकार तो बनायी ही इसके साथ ही अब तक की सबसे अधिक 48 सीट जीत कर यह दिखा दिया कि लोकसभा चुनाव परिणाम से भाजपा के कार्यकर्ता निराश नहीं है।



उसके बाद महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा के चुनाव संपन्न हुए। महाराष्ट्र में भाजपा ने अब तक की सबसे अधिक सीटे जीतकर एक नया रिकॉर्ड बनाया। झारखंड में भाजपा चुनाव हार गई। मगर महाराष्ट्र में भाजपा की बड़ी जीत में झारखंड की हार दब कर रह गई। महाराष्ट्र में भाजपा ने अकेले 132 सीटे जीती जो अब तक की सबसे अधिक थी। वहीं भाजपा के सहयोगी शिवसेना व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भी करीबन 100 सीट जीतकर महाराष्ट्र में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चंद्र पवार व शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे को मात्र 46 सीटों पर समेट दिया। हरियाणा व महाराष्ट्र चुनाव भाजपा के लिए एक नई संजीवनी साबित हुए थे। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन महाराष्ट्र में महज 17 सीट ही जीत पाया था। मगर विधानसभा चुनाव में मिली बंपर जीत ने लोकसभा चुनाव की हार को भुला दिया।

हाल ही में दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा ने पहली बार 48 सीट जीतकर एक नया इतिहास रचा है। दिल्ली विधानसभा में भाजपा पिछले 26 वर्षों से सत्ता से बाहर थी। दिल्ली में 1998, 2003 व 2008 में लगातार तीन बार कांग्रेस की सरकार बनी थी। वहीं 2013, 2015 व 2020 में लगातार तीन बार आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी। 2015 में महज 3 सीट व 2020 में मात्र 8 सीट जीतने वाली भाजपा ने इस बार 48 सीट जीतकर अपनी ताकत का अहसास करवाया है।

हालांकि 2014, 2019 व 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा दिल्ली की सभी 7 सीटे जीतकर हैट्रिक बना चुकी है। मगर विधानसभा चुनाव में लगातार 6 बार सत्ता से बाहर रहने के कारण भाजपा इस बार हर हाल में दिल्ली में अपनी सरकार बनाना चाहती थी। इसके लिए भाजपा के सभी नेता व कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। यदि भाजपा इस बार भी दिल्ली में चुनाव हार जाती तो आगे आने वाले बिहार, असम विधानसभा के चुनाव में उसे नुकसान उठाना पड़ सकता था।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीटों के साथ 45.56 प्रतिशत वोट भी प्राप्त किये है। जो भाजपा का अब तक का सर्वोच्च आंकड़ा है। पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में जहां भाजपा की 40 सीट बढ़ गई है। वहीं उसका वोट प्रतिशत भी 7.38 प्रतिशत बढ़ा है। भाजपा को कुल 46 लाख 23 हजार 110 वोट मिले हैं। वहीं आम आदमी पार्टी महज 22 सीटों पर ही सिमट गई। उसे 43.57 प्रतिशत मत मिले हैं। जो पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में 10 प्रतिशत कम हैं। आम आदमी पार्टी को 41 लाख 33 हजार 898 वोट मिले हैं। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने चुनावों के दौरान आम आदमी पार्टी की आपदा पार्टी वाली छवि बना दी थी। पार्टी के बड़े नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सत्येंद्र जैन, संजय सिंह को भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाने को भाजपा ने बड़ा मुद्दा बना कर दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी की वास्तविकता से रूबरू करवाया। इसके साथ ही अरविंद केजरीवाल द्वारा मुख्यमंत्री आवास में करवाए गए कार्यों को भाजपा ने शीशमहल कहकर प्रचारित किया। जिससे दिल्ली के आम मतदाताओं को लगने लगा कि जिस पार्टी को वह अपनी हमदर्द पार्टी मानकर लगातार तीन बार से चुनाव जीतवा रहा है। उस पार्टी के नेता भी अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं की तरह भ्रष्टाचार करने लगे हैं। मतदाताओं की यह सोच आम आदमी पार्टी के खिलाफ गई और उसे चुनाव में करारी पराजय झेलनी पड़ी।

दिल्ली विधानसभा के चुनाव में इस बार मतदाताओं ने दलबदलुओं को भी उनकी औकात दिखा दी। 24 दलबदलू नेता भाजपा, आप व कांग्रेस पार्टी से टिकट प्राप्त कर चुनाव मैदान में उतरे थे। जिनमें से महज नो नेता ही चुनाव जीत सके। बाकी 15 प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा। दलबदलुओं में छह भाजपा के निशान पर व तीन आप पार्टी के निशान पर जीते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल के मुकाबले भाजपा ने किसी स्थानीय नेता की बजाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि पर चुनाव लड़ा और जीता।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीतने के बाद भाजपा के कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज नजर आ रहे हैं। दिल्ली चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा ने राजस्थान में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा व हरियाणा में कैबिनेट मंत्री अनिल विज को उनके पार्टी विरोधी बयानों पर कारण बताओं नोटिस जारी कर यह जता दिया कि भाजपा में अनुशासन की लक्ष्मण रेखा पार करने का किसी को भी अधिकार नहीं है। चाहे वह कितना ही बड़ा नेता क्यों ना हो। यदि कोई पार्टी का अनुशासन तोड़ेगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही होगी। किरोड़ीलाल मीणा, अनिल विज को नोटिस भी दिल्ली जीत के बाद ही दिया गया है। यदि दिल्ली में भाजपा चुनाव हार जाती तो शायद ही इतना बड़ा कदम उठा पाती। कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में लगातार जीतने से जहां भाजपा नेताओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। वही इंडिया गठबंधन में आपसी आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। यदि विपक्षी दलों में खींचतान बढ़ती है तो आगे आने वाले विधानसभा चुनावों में उसका फायदा भी भाजपा को ही मिलना सुनिश्चित लग रहा है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## मुस्लिम मत भाजपा की ओर

भाजपा जब भी कोई चुनाव जीती है मुस्लिम मतों को लेकर विश्लेषण सामने आते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के साथ टीवी चैनलों से लेकर समाचार पत्रों, वेबसाइटों, यूट्यूब चैनलों पर ऐसी ध्वनियां निकल रही है कि मुसलमानों के एक बड़े वर्ग ने उसके पक्ष में मतदान किया।क्या वाकई ऐसा हुआ है? इमामों का एक संगठन चलाने वाले मौलाना ने मतदान के बाद वीडियो जारी करते हुए कहा कि मैंने भाजपा को मत दिया है। वे टीवी चैनलों पर दिखते हैं इसलिए उनका चेहरा मोटा-मोटी पहचाना है और भाजपा एवं संघ के विरुद्ध उनकी कट्टरता भी सब सामने है। उन्होंने कहा कि मैंने वोट इसलिए दिया क्योंकि कहा जाता है कि मुसलमान एकजुट होकर भाजपा के विरुद्ध मतदान करते हैं। इस धारणा को तोडने् के लिए मैंने वोट दिया। उन्होंने दूसरा कारण आप के द्वारा मुसलमानों के खिलाफ आचरण को बताया। दरअसल, दिल्ली में केजरीवाल द्वारा घोषित इमामों का वेतन चुनाव तक 18 महीना से नहीं मिला था। इनका संगठन उसके लिए धरना प्रदशर्न कर रहा था, जिसका संज्ञान तक केजरीवाल और उनके साथियों ने नहीं लिया। क्या उनके अलावा किसी अन्य बड़े मुस्लिम चेहरे ने सामने आकर परिणाम के पहले घोषित किया कि उन्होंने भाजपा को मत दिया है? भाजपा की जीत के बाद लोग टीवी कैमरों के सामने आए और कह दिया कि हम नरेन्द्र मोदी जी और योगी जी अच्छा शासन चला रहे हैं, इसलिए समर्थन दिया है।दरअसल, मुस्लिम प्रभाव वाले मुस्तफाबाद और जंगपुरा सीट पर भाजपा की विजय के बाद से यह ध्वनि ज्यादा गुंजित हुई है। ये दोनों क्षेत्र मुस्लिम प्रभाव वाले हैं। अभी तक धारणा थी कि बगैर उनके समर्थन के कोई उम्मीदवार चुनाव जीत नहीं सकता। दिल्ली में 11-12 ऐसे क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। इसके अलावा भी 7-8 क्षेत्रों में मुसलमानों का प्रभाव है। इनमें चार सीटें भाजपा ने जीती हैं। किंतु इसके अलावा ये सारी सीटें एकपक्षीय आप को गई है। पहले मुस्तफाबाद को देखें। मुस्तफाबाद में भाजपा के मोहन सिंह बिष्ट ने आप के आदिल अहमद खान को 17 हजार 578 वोटों से हराया। यहां एआईएमआईएम के उम्मीदवार और 2020 दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को 33 हजार 474 वोट मिला और कांग्रेस के अली मेहंदी को केवल 11 हजार 763।

-अवधेश कुमार-

# शिक्षा संस्कार,संस्कृति की है जनक

### चेतना से सार्थक होता जीवन

शिक्षा जीवन के महत्व, संस्कार की संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण



संजीव ठाकुर,
रायपुर छत्तीसगढ़

जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैंद्य शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है। जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है। सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगा। साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना से इसका कोई संबंध नहीं रह जाता है। साक्षरता सदैव रोजगार मूलक पहलुओं से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता है। शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती है। ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा है। सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है। पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में है। ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाए। शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है। वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण है। महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है। परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन,सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता है। पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता हैद्य पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी,साहस की भावना को परिष्कृत करती है। ऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता है। अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं,कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार,लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, साक्षरता ने शिक्षा की जगह वरीयता प्राप्त करना शुरू कर दिया है। यह माना जाता है जिस व्यक्ति के पास अच्छी नौकरी अच्छा पद और मोटी मोटी तनख्वाह है, उसका समाज ज्यादा ही सम्मान करने लगता है। इन्हीं कारणों से समाज मूल्य तथा संस्कृति के विकास को दरकिनार कर रोजगार मूलक साक्षरता को ही आज वरीयता देता है। और समाज उसे सिर आंखों पर बिठा के रखता है। इससे समाज के दीर्घकालिक सांस्कृतिक मूल्यों का हनन होता है, एवं क्षति भी होती है। और इस प्रक्रिया में साक्षरता पक्ष होने के कारण रोजगार साधन बन जाते हैं। एवं साधनों की परवाह न कर इसकी खुली अवहेलना हो लोग करने लगे हैं,और इसी कारण शिक्षा के क्षेत्र में नकल, फर्जीवाड़े,धन देकर नौकरी प्राप्त करना आदि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। साक्षर तो घोटालेबाज केतन पारेख हर्षद मेहता एवं कुख्यात आतंकवादी ओसामा बिन लादेन भी थे, किंतु इनकी शिक्षा की सार्थकता समाज द्वारा सदैव नापसंद की गई एवं समाज इन्हें हेय दृष्टि से देखने लगा है। आज के संदर्भ में ऐसी शिक्षा या साक्षरता की आवश्यकता है, जो मानव जीवन में मूल्यों का विकास एवं मूल्यों की प्रतिबद्धता विकसित कर सके। जिससे समाजिक गिरते मूल्यों तथा विरासत की अवहेलना ना हो सके। बिना मूल्यों के बिना संस्कृतिक विचारधारा के साक्षर होना ठीक उसी तरह है जैसे किसी बंदर के हाथ में बंदूक या उस्तरा देना है। हमें आज नैतिक साक्षरता देने की आवश्यकता होगी, जिससे व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास विरासत की रक्षा तथा मानवीय संवेदनाओं का संपुट हो, जो व्यक्ति को एक अच्छा इंसान बना सकें।

## कविता
### बांट रहे समाज को

घटती-घटना



प्रमोद दीक्षित
बांदा,
उत्तरप्रदेश


आसमान में नीर बहुत है।
खेत-बाग में पीर बहुत है।।
संकट सहे हमेशा हंसकर।
माताओं में धीर बहुत है।।
बांट रहे वे नित समाज को।
तरकश में कटु तीर बहुत हैं।।
झूमते द्वार-गली दुशासन।
बढ़े नहीं अब चीर बहुत है।।
जल जंगल जन जमीं जानवर।
जीवन हित तकदीर बहुत है।।
गंगा यमुना मैली-मैली।
मिले स्वच्छता वीर बहुत हैं।।
प्रमोद दीक्षित मलय
शिक्षक, बांदा (उ.प्र.)

## कविता
### ऐसा नेता हो जो लायक हो

घटती-घटना



अशोक पटेल
तुस्मा,शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़



लोकतंत्र के इस,चुनावी महायज्ञ में
अपने मत के हवन का मतदान करें
यह हमारा अधिकार है लोकतंत्र का
आओ हम सब, इसका सम्मान करें।
हमारा हर एक मत,है बहुत कीमती
यह न बिकाऊ है, न बिकने वाला है
यही तो है लोकतंत्र की आधारशीला
ये सख्त है,अटल है,न डिगने वाला है।
यह लोकतंत्र है, जनता जनार्दन का
और जनता के लिए,जनता का सारा
यहाँ तेरा मेरा,किसी का कुछ नही है
सेवा है सम्पर्पण है, यही बस नारा है।
चुने हम ऐसे लोगों को जो सेवक हो
चुने हम, ऐसे नेता को जो,लायक हो
और त्याग, कर सके, जनता के लिए
जो समर्पित हो सके इस राष्ट्र के लिए।

## सत्यता पर आधारित कहानी
# इस रिश्ते को क्या नाम दूं...

मनोज फोन पर बात करते हुए...आप चिंता न करें मैं हूँ ना । आपको जो भी काम हो किसी प्रकार कि तकलीफ़ हो किसी भी वक्त आप बेझिझक मुझे कह देना। मैं जो मदद् बन सकी करूंगा। अरे आप रोईये मत पहले आप चुप हो जाइए। आप कभी भी मुझे फोन कर लिजियेगा। बस अभी आप आराम से सो जाइये । सुबह बात करता हूँ मैं आपसे । *गुड्ड नाईट बॉय*।

वंदना मनोज कि पत्नी...कौन है इतनी रात को? किससे बात कर रहे थे आप?

कौन और क्यों रो रहा था कोई फोन पर?

क्या हुआ? बताओ मुझे

मनोज--अरे ओर कोई ओर, मेरी कस्टमर थी। मुझसे माल लेके जाती है और अपनी दुकान पर बेचती है । बेचारी बहुत परेशान है उसका पति निकम्मा और अय्याश है । आज भी वो अभी तक घर नहीं आया था तो मेरी कस्टमर मुझे फोन की ओर रो- रो के बुरा हाल था उसका। बेचारी! इतनी मेहनत करती और पति को भी पाल रही जैसे।

वंदना--नाम क्या है आपकी कस्टमर का ?

मनोज-ऋृतु नाम है।

वंदना-उसका पति कुछ तो करता ही होगा ना?

मनोज-निकम्मा है निकम्मा। मॉ-बाप का एक ही बेटा है। प्रापर्टी बहुत है । इसलिए शायद लाड़ मे पला और बिगड़ गया।

वंदना-क्या आप कभी अपनी कस्टमर के पति से मिले हो?

मनोज-हॉ बहुत बार दुकान पर साथ में आता माल लेने कार में ऋृतु को लेकर।

वंदना-अच्छा! तो क्या आपने अपनी आंखों से देखा उसे अय्याशी करते हुए या औरतों से बातचीत करते हुए। अरे ऐसा तो होगा नहीं कि वो आकर पॉच मिनट में चला जाता होगा अपनी बीवी को छोड़कर।

मनोज-नहीं साथ में ही रहता जब तक माल लेती ऋतु साथ ही बैठा रहता और कार में माल भी भरता खुद। जब तक मेरे सामने रहता तब तक तो ऐसा कुछ भी नहीं देखा या सुना किसी ओर से बात करते हुए मैंने उसको।

वंदना-अरे वाह! तो आप ने बाहर किसी से ऋतु के पति के बारे मे सुना बुरा आपने?

मनोज-नहीं।

वंदना-क्या अभी वो आपसे बात कर रही थी,रो रही थी । तो क्या आपको फोन पर दिख गया कि सच मे उसका पति घर पर नहीं है ?

मनोज-नहीं।

वंदना-तो आप कैसे अंदाजा लगा सकते कि वो सही में बहुत दुखियारी है? सही में उसका पति घर पर नहीं है और जो ऋतु बोल रही वो बिल्कुल सच बोल रही है? जब कोई सबूत नहीं है तो आप किस आधार पर विश्वास करके उसे रात- बेरात फोन पर तसल्ली दे रहे। हो सकता उसका पति उसके बताए अनुसार ठीक विपरित हो ।

मनोज-मतलब ?

वंदना-- मतलब ये की उसका पति उसको भरपूर सहयोग देता, माल भी लेने साथ में आता अपनी पत्नी के और ये औरत ही अय्याश हो इसे जबरदस्ती का खुद को बेचारी बता कर मर्दों कि हमदर्दी लूटने की आदत हो या ये भी हो सकता है कि इसका पति और ये मिले हुए हों और दोनों मिलकर आपको बेवकूफ बना रहे हों? देखो व्यवसाय का व्यवहार एक तरफ़ और ये फालतू के कस्टमरों कि व्यक्तिगत बातें एक तरफ । आप व्यवसाय में व्यवहार कुशल बनें न की ऋृतु जैसी औरतों कि तरफदारी कर हमदर्द बनें उनके।

मनोज-अरे तुम तो कुछ ज्यादा ही सोच रही रूपा बहुत परेशान है। अगर थोड़ी देर बात करके उसे तसल्ली मिलती है तो बुराई क्या है?

वंदना-आपके अच्छे के लिये बोल रही । ऋतु जैसी औरतें मर्दों कि हमदर्दी लूटने के लिये किसी भी हद तक गिर सकती है।

वंदना रोज मनोज को समझाती परंतु मनोज रोज रूपा से बात कर उसे तसल्ली देता और ऋृतु खुद को बेचारी बताती। यही सिलसिला चलता रहा ।

और वो भी एक दिन आया जब गलत व अति महसूस होने पर वंदना ने अपने घर के बड़े सदस्यों को यह बात बताई। जब बड़ों ने मनोज से बात की तो मनोज ने वेदना कि उम्मीद के भी बाहर हद पार करते हुए वेदना को ही अपने बड़ों के सामने गलत करार दिया और कहा कि इसके दिमाग पर असर आ रहा है इसे साइकोलॉजिस्ट को दिखाने की जरूरत है। परंतु मनोज अपनी धर्मपत्नी के खिलाफ सबूत न दे सका ।


बल्कि वंदना ने पूरे सबूत रखें बड़ों के सामने। धीरे-धीरे कस्टमर मनोज को अपनी सगी और अपने परिवार के लोग जो विरोध कर रहे थे वो दुश्मन लगने लगे यहॉ तक की उसे अपने अभिभावक भी । देखते ही देखते ऋृतु नाम कि एक औरत अपने इतने स्मार्ट पति जो कि बहुत ही सुन्दर व साथ में करोड़ों कि सम्पत्ति का एक लौता मालिक भी है उसे धोखा देते हुए किस तरह दीमक की तरह निगल गई हंसते खेलते वंदना के परिवार को की उसके ही पति के दिल में उसके ही खिलाफ जहर भर दिया।

आज मनोज कि अति समझदारी उसी पर भारी पड़ गयी। आज उसके परिवार के सदस्य जो उससे बेपनाह मोहब्बत करते थे उसी से कटे-कटे से रहते हैं। आज वंदना को भी पति के घर आने-जाने का कोई फर्क नहीं पड़ता । वो घर आए या न आए, खाना खाए या न खाए कोई फर्क नहीं पड़ता । क्यों कि जिस पति की के प्रति वफादारी निभाई जिसको इतना प्यार करते देख वंदना की सास तक उसे मनोज की दीवानी कहती थी । उसी मनोज ने आज एक पराई शादीशुदा औरत के लिये अपनी पत्नी को ही ग़लत बोला। यही होता है मनोज जैसे मर्दों के साथ, *बड़ा खुद को समझदार बता दूसरों के हमदर्द बनें फिरते ऐसे मर्द ही दुनिया के सबसे बड़े मूर्ख इंसा है मेरी नज़रों में। वो एक कहावत है ना *अति करो तो अतिशयोक्ति होती* वही हुआ ।

जिस-जिस ने मनोज से ऋृतु के खिलाफ कोई बात की, मनोज को समझाया मनोज को वो ही अपना दुश्मन नज़र आने लगा । धीरे-धीरे मनोज उन दोस्तों के समझाने पर भी उनसे दूर हो गया जिनके एक फोन पर वो उनके पास चला जाता था। रिश्तेदार भी उसे अपने ही दुश्मन लगे क्यों कि वो अपने घर वालों के लिए बुरा सुन सकता था बाहर वालों से,मगर उस बाहर वाली पराई औरत जो की किसी कि पत्नी थी साथ-साथ एक जवान बेटी की मॉ भी है । उसके खिलाफ एक शब्द नहीं सुन सकता था।

आज मनोज और ऋतु के चर्चे पूरी रिश्तेदारों में फ़ैल चुके हैं परंतु अब ऋतु ही नहीं मनोज भी रूपा अनुसार बताए उसके पति की तरह अय्याश मर्द की भूमिका में नजर आ रहा था जब कि ऋतु का पति नहीं बल्कि ऋृतु स्वयं अय्याश है। उसे मर्दों को फंसाकर अपना काम निकालने व पैसों, प्रापर्टी का लालच आदि बुराईयों ने घेर रखा था।

सच ऐसी एक नहीं अनेक ऋतु जैसी महिलाएं हैं जो अपने घर कि निजी बातें गैरों से साझा कर हमदर्दी बटोरती मर्दों की और उजाड़ देती दूसरों के घर , ऐसी औरतें किसी की सगी नहीं होती। किसी मर्द को उसके ही परिवार के खिलाफ भड़काकर । अपना अमन-चैन तलाशती क्या नाम दूं ऐसी औरतों को? मन में एक शब्द है नाम है परंतु...मौन



वीना आडवानी तन्वी
नागपुर,महाराष्ट्र

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# किसके सिर चढ़ेगा ताज,कौन खाएगा पटखनी,फैसला आज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतगणना आज होगी। परिणाम को लेकर प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हैं। इधर मतगणना के कार्य के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। सुबह 9 बजे से मतगणना कार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज में शुरू हो जाएगा। नगर निगम अंबिकापुर के महापौर के लिए 6 व पार्षद पद के लिए 124 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद है। वहीं लखनपुर व सीतापुर नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 3-3 उम्मीदवार सहित वार्ड पार्षदों का भी भाग्य ईवीएम में कैद है। अंबिकापुर नगर निगम का मतगणना पॉलिटेक्निक कॉलेज में होगी। जबकि सीतापुर व लखनपुर नगर पंचायत के लिए मतगणना वहीं कराई जाएगी। शुक्रवार को मतगणना स्थल की तैयारियों का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर एवं पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतगणना स्थल पर काउंटिंग टेबल, मतगणना एजेंट,सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा व्यवस्था,मतगणना और डाक मत पत्रों की गणना की तैयारियां के बारे में जानकारी ली। गौरतलब है कि नगरीय निकाय निर्वाचन की मतगणना 15 फरवरी को प्रातः 9 बजे से होनी है। कलेक्टर एवं एसपी ने नगर निगम अंबिकापुर ,नगर पंचायत लखनपुर स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने ने मतगणना



कक्ष में राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों के एजेंट की एंट्री, अधिकारी कर्मचारियों की एंट्री लिए समुचित बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था,मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, ईवीएम में दर्ज मतों की गणना और मतगणना की समाप्ति के पश्चात ईवीएम और निर्वाचन सामग्री को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। नगर निगम अम्बिकापुर के 48 वार्डों की मतगणना वार्डवार तीन कमरों में की जाएगी। मतगणना कक्ष एक में 1 से 16 तक, मतगणना कक्ष दो में 17 से 32 तक एवं मतगणना कक्ष तीन में 33 से 48 तक होगी। वार्ड क्रमांक 1, 3, 15, 17, 18, 25, 30, 34, 38, 42, 48 तक का दो राउंड में, वार्ड क्रमांक 4, 6, 7, 8, 11, 12, 13, 14, 16, 19, 20, 21, 22, 23, 26, 27, 28, 29, 32, 33, 35, 37, 38, 44, 45 तक का तीन राउंड में, वार्ड क्रमांक 2, 5, 9, 10, 24, 31, 39, 40, 41, 46, 47 तक का मतगणना चार राउंड में संपन्न होगी। इसी तरह लखनपुर एवं सीतापुर में 15 -15 वार्ड है । जहां 15 टेबल निर्धारित किए गए हैं जोकि एक-एक राउंड में मतगणना सम्पन्न होगी। इस निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, एसडीएम फागेश सिन्हा, एएसपी अमोलक सिंह सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### इन प्रत्याशियों का भाग्य है ईवीएम में कैद

अंबिकपुर नगर निगम के लिए महापौर के लिए 6 व 48 वार्ड पार्षद के लिए कुल 124 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। महापौर पद के लिए भाजपा से मंजूषा भगत व कांग्रेस डॉ. अजय तिर्की के बीच सीधा मुकाबला है। डॉ. अजय तिर्की लगातार दूसरी बार महापौर रह चुके हैं। कांग्रेस ने पुनः तीसरी बार उन पर उम्मीद जताई है। लखनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा से सावित्री साहू, कांग्रेस से शिखा रमेश जायसवा व निर्दलीय अनिशा गुप्ता के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। इसके अलावा 15 वार्डों के लिए कुल 32 प्रत्याशी का भाग्य ईवीएम में कैद है। सीतापुर नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा से अमृता पैकरा, कांग्रेस से प्रेमदान कुजूर व निर्दलीय गिरधारी राम भगत चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा 15 वार्डों के लिए कुल 40 प्रत्याशियों का भी भाग्य ईवीएम में कैद है। इन सभी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला शनिवार की सुबह 9 बजे के बाद होनी शुरू हो जाएगी।



## मारपीट कर बाइक लूटने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

दो भाइयों को मारपीटकर बाइक लूटने के मामले में बतौली पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार श्याम पटेल दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर का रहने वाला है। वह 12 फरवरी को अपने भाई दिलिप पटेल के साथ बाइक क्रमांक सीजी 12 एसी 9730 से बाजार करने बिमड़ा गया था। बाजार करने के बाद दोनों वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में बतौली थाना क्षेत्र के कालीपुर कालीघाट के पास दो बदमाशों ने रास्ता रोककर इनसे रुपए की मांग करने लगे। नहीं देने पर मारपीट कर इनकी बाइक लूटकर फरार हो गए थे। श्याम पटेल ने मामले की रिपोर्ट बतौली थाना में दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी जयपाल गिरी पिता सुरेश गिरी उम्र 26 वर्ष निवासी मांजा गोसाईपारा थाना दरिमा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूट की बाइक जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं दूसरा आरोपी अभी भी फरार है। जिसे पुलिस तलाश कर रही है।

## मजबूत प्रयोगशाला तंत्र से रोगों पहचान ही नहीं,स्वास्थ्य प्रणाली में भी करेगा मदद



**» अस्पताल में लैब सिस्टम स्ट्रेंथनिंग को लेकर संभाग स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

फाइंड इंडिया व स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में सिमेंस हेल्दीनियर के सौजन्य से दक्ष प्रोजेक्ट के तहत लैब सिस्टम स्ट्रेंथनिंग विषय पर संभाग स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया गया। 12 और 13 फरवरी को आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रयोगशालाओं की कार्यक्षमता को मजबूत करना और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना था। इस कार्यशाला में 21 नामित प्रतिभागियों को ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया।

कार्यशाला में प्रयोगशाला मानकों, गुणवत्ता नियंत्रण, नवीनतम तकनीकी और रिपोर्टिंग सिस्टम पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रतिभागियों को प्रयोगशाला संचालन, उपकरणों के रख-रखाव और संक्रमण नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षित ट्रेनर अपने जिलों में स्वास्थ्य संस्थानों के लैब टेक्नीशियन और अन्य स्टाफ को प्रशिक्षित करेंगे, जिससे जिला और तहसील स्तर पर प्रयोगशालाओं की कार्यक्षमता में सुधार होगा। प्रोजेक्ट के तहत आगे भी इसी प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर फाइंड से डॉ. नवनीत रंजन, अंजय कुमार गुप्ता, मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीएस मार्को, सिविल सर्जन, डॉ. जेके रेलवानी, अस्पताल सलाहकार स्वस्ति एवं डीपीएम की उपस्थिति रही। उन्होंने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मजबूत प्रयोगशाला तंत्र न केवल रोगों की शीघ्र पहचान में सहायक होगा बल्कि स्वास्थ्य प्रणाली को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने में भी मदद करेगा।

## दो आरोपियों के खिलाफ की गई जिला बदर की कार्रवाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

आपराधिक घटनाओं में लगातार संलिप्त रहने पर सरगुजा एसपी ने दो लोगों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की है। ये दोनों आरोपी लंबे समय से विभिन्न अपराधिक घटनाओं में शामिल रहे हैं।

एसपी योगेश पटेल द्वारा आदतन आरोपी मृत्युन्जय सिंह उर्फ टुना सिंह पिता भारत भूषण सिंह निवासी बसुंधरा बिहार गोधनपुर थाना गांधीनगर व अविनाश मिश्रा पिता नरेन्द्र मिश्रा निवासी केनाबांध, बौरीपारा थाना कोतवाली के खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के प्रावधानों के तहत (जिला बदर) कार्रवाई करने का प्रतिवेदन पेश किया गया था। एसपी ने प्रतिवेदन के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ अधिनियम की धारा 5 (क) (ख) के तहत (जिला बदर) कार्रवाई के लिए कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब जवाब मांगा गया था। सुनवाई के दौरान दोनों आरोपियों के विरूद्ध अधिरोपित आरोप की पुष्टि अभियोजन साक्ष्य दस्तावेजों के आधार जिला बदर की कार्रवाई की गई है। दोनों आरोपियों को जिला सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, कोरबा, बलरामपुर तथा सूरजपुर की सीमा से 14 फरवरी से एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर की कार्रवाई की गई है।

## युवा संसद प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया अद्भुत कौशल




**» युवा संसद प्रतियोगिता राजनीति की नर्सरी : कलेक्टर सरगुजा**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने और युवाओं को संसदीय प्रणाली की समझ प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित संभागीय युवा संसद प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी वाकपटुता और तार्किक क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन कमिश्नर सरगुजा नरेंद्र कुमार दुग्गा के मार्गदर्शन तथा संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा संभाग के नेतृत्व में राजीव गांधी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया। इस कार्यक्रम में संभाग के सभी जिले सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, बलरामपुर-रामानुजगंज तथा मनेन्द्रगढ़-चिरिमिरी-भरतपुर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी टीम में पचास



बच्चे और दो मार्गदर्शक शिक्षक शामिल थे। प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता, स्पीकर, एवं विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधियों की भूमिकाएं निभाई गईं। विद्यार्थियों ने संसद की कार्यप्रणाली को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा, बहस और प्रस्ताव पारित किए गए। कलेक्टर विलास भोस्कर ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में जागरूकता बढ़ाना, उनकी नेतृत्व क्षमता को निखारना और उन्हें सामाजिक सरोकारों से जोड़ना है। हमें गर्व है कि सुरगुजा संभाग के युवा न केवल शिक्षा, खेल और संस्कृति में आगे बढ़ रहे हैं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर भी जागरूकता दिखा रहे हैं।

इस दौरान संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा संभाग हेमंत उपाध्याय ने कहा कि युवा संसद प्रतियोगिता न केवल छात्रों में नेतृत्व क्षमता विकसित करती है, बल्कि उन्हें लोकतंत्र और संसदीय परंपराओं की गहरी समझ भी प्रदान करती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह आयोजन हमारे युवाओं के लिए एक अद्भुत अवसर है, जहां वे लोकतंत्र की बारीकियों को समझ सकते हैं, अपने विचारों को अभिव्यक्त कर सकते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को पहचान सकते हैं। इस दौरान अशोक सिन्हा जिला शिक्षा अधिकारी, प्रवीण कुमार सिन्हा, सहायक संचालक ने भी संबोधित किया।

**कोरिया जिले की टीम विजेता व सरगुजा उपविजेता**

इस प्रतियोगिता में ओवरआल प्रदर्शन के आधार पर कोरिया जिले की टीम को को विजेता तथा सरगुजा जिले की टीम को उपविजेता घोषित किया गया। निर्णायक मंडल ने वक्ताओं के तर्क, प्रस्तुति शैली और विषय की गहराई को आधार मानकर निर्णय लिया। पुरे कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सांसदों को प्रोत्साहन स्वरुप व्यक्तिगत पुरस्कार की श्रेणी में प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किये जाते है। इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ मंत्री का पुरस्कार कोरिया के माहिन जावेद अंसारी, सर्वश्रेष्ठ नेता प्रतिपक्ष पुरस्कार सरगुजा जिले की प्रतिभागी सांसद आस्था को, सर्वश्रेष्ठ वक्ता (पक्ष) पुरस्कार कोरिया जिले की प्रतिभागी सांसद सृष्टि दास, सर्वश्रेष्ठ प्रश्नकर्ता पुरस्कार सबसे सटीक और प्रभावशाली प्रश्न पूछने वाले प्रतिभागी कोरिया जिले के प्रतिभागी सांसद वैष्णवी को। सर्वश्रेष्ठ स्पीकर (अध्यक्ष) पुरस्कार बलरामपुर जिले के प्रतिभागी सांसद पियुष चौबे को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए दिया गया। सर्वश्रेष्ठ वक्ता (विपक्ष) पुरस्कार सरगुजा जिले की प्रतिभागी सांसद आंचल को दिया गया। इसी तरह सर्वश्रेष्ठ पक्षीय सांसद कोरिया जिले के रूखसार परवीन तथा सर्वश्रेष्ठ विपक्षीय सांसद रितेश को दिया गया। कार्यक्रम के निर्णायक की भूमिका में आषीष दुबे, सेवा निवृत्त सहायक संचलक, दिवाकर शर्मा सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं लीना थॉमस, प्रभारी प्राचार्य सेजस सोहगा रहीं।

## जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी को मंदिर में प्रवेश पर रोक,आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज नहीं किए जाने पर अजाक थाने का किया घेराव

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

अजिरमा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सरिता पैकरा एवं जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष मधु सिंह को प्रवेश से रोकने और जातिसूचक अपशब्द का प्रयोग मामले में अब तक कोई कार्यवाही नहीं होने पर जिला कांग्रेस और सर्व आदिवासी समाज ने आज आदिम जाति कल्याण थाने का घेराव कर आक्रोश जताया है। 11 फरवरी मंगलवार को शाम 6 बजे सरिता पैकरा एवं मधु सिंह अपने साथियों के साथ अजिरमा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में पूजा एवं दर्शन के लिए जा रहे थे, उसी दौरान भाजपा समर्थक द्वारा उन्हें मंदिर प्रवेश से रोका गया और जातिसूचक अपशब्द कहे। उसी दिन इस घटना की लिखित शिकायत आजाक थाने में की गई थी। किंतु 48 घंटे बीत जाने के बावजूद जब पुलिस ने कोई करवाई नहीं की तब कांग्रेस और सर्व आदिवासी समाज ने आज आजाक थाने के घेराव का निर्णय लिया था। थाने के घेराव के लिए सर्व आदिवासी समाज और कांग्रेस कार्यकर्ता बंगाली चौक पर एकत्र होकर जुलूस निकाला आजाक थाने आये और 2 घंटे तक धरना दिया। इस दौरान वे लगातार पुलिस से अपराध दर्ज करने और कार्यवाही का निवेदन करते रहे, किंतु पुलिस की ओर से जांच के उपरांत अपराध दर्ज करने की बात कह लगातार टालमटोल किया गया। पुलिस के इस रवैये पर वहाँ मौजूद सर्व आदिवासी समाज और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। पुलिस प्रशासन के अड़ियल रवैये से आहत जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सरिता पैकरा ने कहा है कि आदिवासी हूँ इसलिए मंदिर प्रवेश नहीं करने दिया गया। पुलिस प्रशासन करवाई



करने के बजाय टाल मटोल कर रहा है। आदिवासियों को उम्मीद छोड़ देनी चाहिए कि इस शासन-प्रशासन में उनकी कोई सुनवाई होगी। आज बेहद निराश हूँ और प्रण लेती हूँ आदिवासी सम्मान के लिये 17 फरवरी तक अन्न त्याग कर पंचायत चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करूँगी और उसके उपरांत न्याय के लिए न्यायालय के शरण में जाऊँगी। 2 घंटे के धरने के बाद भी पुलिस ने अपराध तो दर्ज नहीं किया किंतु आंदोलनकारियों को यह लिखित आश्वासन दिया है कि जांच उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा है कि इस घटना को हुए 72 घंटे होने वाले हैं। हम पुलिस के रवैये से हैरान हैं। लगता है कि पुलिस दबाव में है। एक आदिवासी मुख्यमंत्री के होते हुए भाजपाइयों द्वारा आदिवासी समुदाय के साथ किया गया नस्ली व्यवहार गंभीर है। यह घटना स्पष्ट करता है कि भाजपा का आदिवासी प्रेम मात्र दिखावा है। कांग्रेस ने इस मामले की शिकायत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग से करने का निर्णय लिया है। यह भी कहा गया है कि 17 फरवरी तक कार्यवाही नहीं होने पर न्यायालय के शरण में जायेंगे। आज के इस घेराव एवं धरना में सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष अमृत मरावी, मधु सिंह, डॉ अजय तिर्की, शफी अहमद, भानु प्रताप सिंह, तरुण भगत, विवेक पैकरा सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस और सर्व आदिवासी समाज के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता दी।



# इस्लामाबाद हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस बने सरफराज डोगर,न्यायाधीशों और विपक्ष ने किया विरोध

**इस्लामाबाद,14 फरवरी 2025।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने शुक्रवार को सरफराज डोगर को इस्लामाबाद हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। राष्ट्रपति के इस कदम से अन्य न्यायाधीश और विपक्षी दलों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए इसका विरोध किया।

### डोगर को लेकर क्यों हो रहा विरोध?

बता दें कि सरफराज डोगर को लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) से इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में स्थानांतरित किया गया था, जिसके बाद वह सुर्खियों में आए। न्यायाधीशों, वकीलों और विपक्षी दलों ने इस फैसले की आलोचना की क्योंकि डोगर न्यायाधीशों की वरिष्ठता सूची में 13 वें स्थान पर थे, लेकिन आईएचसी में वह दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

### पांच न्यायाधीशों ने डोगर के पदन्नोति का किया विरोध



आईएचसी के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक को सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नति मिलने के बाद यह संभावना थी कि वह मुख्य न्यायाधीश के पद पर पहुंच सकते थे, लेकिन डोगर को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। इसके बाद, आईएचसी के पांच अन्य न्यायाधीशों ने डोगर की वरिष्ठता को चुनौती देते हुए उनकी पदोन्नति का विरोध किया। इस बीच, न्यायमूर्ति आमिर फारूक को सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नति मिल गई है, और उन्होंने इस्लामाबाद में एक अलग समारोह में कार्यभार संभाला।

### अधिसूचना में दी गई जानकारी

डोगर को लेकर हो रहे विरोध के बावजूद राष्ट्रपति ने डोगर को शपथ दिलाई। आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि यह नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद 196 के तहत की गई है, और यह तब तक प्रभावी रहेगी जब तक नियमित मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति नहीं होती।

### पीटीआई ने भी किया विरोध

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने भी डोगर की नियुक्ति का विरोध किया, क्योंकि उन्हें डर है कि इससे इमरान खान और अन्य पीटीआई नेताओं से संबंधित मामलों में पक्षपाती फैसला हो सकता है। पीटीआई के सीनेटर अली जफर ने कहा कि डोगर की नियुक्ति से पीटीआई नेताओं के मामलों की सुनवाई प्रभावित हो सकती है।

## आतंकवाद के खिलाफ और मजबूती से लड़ेंगे भारत-अमेरिका; ट्रंप-मोदी के बयान से तिलमिलाया पाकिस्तान

**नई दिल्ली,14 फरवरी 2025।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे पर दुनिया भर की नजरें थी। वहीं पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के साझा प्रेसवार्ता में सीमा-पार आतंकवाद को लेकर भी बड़ी घोषणा की गई है। जिससे पाकिस्तान मिर्ची लग गई है। दरअसल, पीएम मोदी और ट्रंप ने कहा,भारत और अमेरिका पहले से कहीं ज्यादा मजबूती से एक साथ काम करेंगे ताकि कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद से निपटा जा सके। इस दौरान पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप ने अपने संयुक्त बयान में पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि उसकी भूमि का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए न किया जाए। दोनों नेताओं की इस प्रतिक्रिया पर पाकिस्तान बौखला गया है, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि भारत-अमेरिका संयुक्त बयान में पाकिस्तान का उल्लेख एकतरफा, भ्रामक और कूटनीतिक मानदंडों के विपरीत है। मामले में पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि पाकिस्तान अपने बलिदानों को स्वीकार किए बिना इस तरह की टिप्पणियों को शामिल करने से हैरान है।

इससे पहले दिन में,भारत ने एक बड़ी कूटनीतिक जीत हासिल की,जब ट्रंप ने 26-11 के आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को न्याय का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने पर सहमति व्यक्त की, जो भारत की लंबे समय से मांग रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से पीएम मोदी की मौजूदगी में इस निर्णय की घोषणा की थी। ट्रंप ने कहा,मेरे प्रशासन ने दुनिया के सबसे बुरे लोगों में से एक तहव्वुर राणा को भारत में न्याय का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने को मंजूरी दे दी है।

# एलन मस्क के सीईओ बनने के बाद एक्स पर नफरती भाषणों में इजाफा

## कैलिफोर्निया विवि की रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली,14 फरवरी 2025।**

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स को जब से टेस्ला सीईओ एलन मस्क ने खरीदा है, तब से प्लेटफार्म पर नफरती भाषणों में 50 फीसदी का इजाफा हुआ है। यह दावा एक यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया बर्कले की एक रिसर्च रिपोर्ट में किया गया है। शोधकर्ताओं ने पाया कि मस्क के सीईओ रहने के दौरान जून 2023 तक बॉट और बॉट जैसे खातों की संख्या में कमी नहीं आई।

मस्क ने अप्रैल 2022 में एक्स पर एक पोस्ट में स्पैम बॉट्स को खत्म करने का संकल्प लिया था। पीएलओएस वन पत्रिका में प्रकाशित शोध रिपोर्ट इशारा करती है कि मस्क के कार्यकाल में नफरत फैलाने वाले भाषण और बॉट खातों को बढ़ावा दिया गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि मस्क के एक्स की खरीद से ठीक पहले नफरत फैलाने वाले भाषण में उछाल आया। जो पिछले महीनों की तुलना में साप्ताहिक दर से 50 प्रतिशत अधिक रही।

शोधकर्ताओं ने रिपोर्ट में लिखा है कि नफरती गतिविधियों में इजाफा हुआ है।



इसमें नस्लवाद, होमोफोबिया और ट्रांसफोबिया शामिल हैं। इसके अलावा इन नफरती भाषणों को भी लोगों ने पसंद किया। ऐसी पोस्ट में लाइक की संख्या में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिपोर्ट के मुताबिक मस्क द्वारा एक्स खरीदने के बाद उपयोगकर्ताओं की गतिविधि में कोई कमी नहीं हुई। यह नकारात्मक परिणामों की ओर इशारा करता है, जिसमें घोटाले, चुनावों में हस्तक्षेप और सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियानों को नुकसान शामिल है। शोधकर्ताओं ने ऑनलाइन प्लेटफार्म की सुरक्षा पर चिंता भी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि एक्स पर अधिक मॉडरेशन और सोशल मीडिया पर गतिविधि और जुड़ाव पर अधिक शोध की जरूरत है। कुल मिलाकर, नफरत फैलाने वाले भाषणों में दीर्घकालिक वृद्धि और संभावित रूप से अप्रमाणिक खातों में बढ़ोतरी चिंताजनक है। यह सुरक्षित और लोकतांत्रिक ऑनलाइन वातावरण को कमजोर कर सकते हैं।

## एक्स पर कम हुई पर्यावरणविदों की संख्या

अगस्त में जर्नल ट्रेंड्स इन इकोलॉजी एंड इवोल्यूशन में प्रकाशित 2023 के एक रिपोर्ट के मुताबिक मस्क के अधिग्रहण के बाद से छह महीनों में एक्स पर सक्रिय पर्यावरणविदों की संख्या लगभग आधी हो गई। यह प्लेटफॉर्म पर सामान्य राजनीति पर चर्चा करने वाले उपयोगकर्ताओं की तुलना में काफी अधिक गिरावट दर है। शोधकर्ताओं ने लिखा कि इस परिणाम ने चिंता बढ़ाई है। साथ ही समुदाय के लिए पर्याप्त नुकसान का संकेत दिया। इसमें पारिस्थितिकीविद्, सामाजिक वैज्ञानिक, संरक्षण व्यवसायी, नीति निर्माता और अन्य हित समूह शामिल हैं।

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ एलान पर करेंगे सख्त जवाबी कार्रवाई,यूरोपीय संघ का एलान

**ब्रसेल्स (बेल्जियम), 14 फरवरी 2025।** यूरोपीय संघ (ईयू) की कार्यकारी शाखा ने शुक्रवार को कहा कि वह इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्कों पर सख्त और त्वरित प्रतिक्रिया देगा। यूरोपीय आयोग ने कहा कि ट्रंप की प्रस्तावित पारस्परिक व्यापार नीति गलत दिशा में जा रही है।



आयोग ने कहा, बिना किसी उचित कारण के मुक्त और निष्पक्ष व्यापार में बाधाएं पैदा करने वाली उन नीतियों के खिलाफ ईयू सख्त और त्वरित कार्रवाई करेगा, जिनमें शुल्क (टैरिफ) का इस्तेमाल वैध और भेदभाव न करने वाली नीतियों को चुनौती देने के लिए किया जाता है। आयोग ने यह भी कहा, ईयू हमेशा यूरोपीय व्यवसायों, श्रमिकों और उपभोक्ताओं को अनावश्यक शुल्क बचाएगा।

आयोग ने कहा, बिना किसी उचित कारण के मुक्त और निष्पक्ष व्यापार में बाधाएं पैदा करने वाली उन नीतियों के खिलाफ ईयू सख्त और त्वरित कार्रवाई करेगा, जिनमें शुल्क (टैरिफ) का इस्तेमाल वैध और भेदभाव न करने वाली नीतियों को चुनौती देने के लिए किया जाता है। आयोग ने यह भी कहा, ईयू हमेशा यूरोपीय व्यवसायों, श्रमिकों और उपभोक्ताओं को अनावश्यक शुल्क बचाएगा।

ईयू 27 देशों का समूह के रूप में व्यापार के मामलों पर बात करता है। ईयू ने कहा कि यूरोपीय संघ दुनिया में सबसे कम शुल्क लगाता है और इसके अमेरिका का इसके सामान के आयात पर शुल्क बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं है।

आयोग ने कहा, ये शुल्क (टैरिफ) कर (टैक्स) हैं। शुल्क लागू कर अमेरिका अपने नागरिकों पर कर लगा रहा है, व्यापार की लागत बढ़ा रहा है, विकास धीमा कर रहा है और महंगाई को बढ़ा रहा है। ये शुल्क आर्थिक अनिश्चितता को बढ़ाते हैं और वैश्विक बाजारों में दक्षता और एकीकरण को बाधित करते हैं। इस हफ्ते की शुरुआत में आयोग ने कहा था कि इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क का जवाब के जवाब में कदम उठाए जाएंगे।

### पहले भी लगाए थे ट्रंप ने ईयू से इस्पात और एल्युमीनियम पर शुल्क

अभी तक यह साफ नहीं है कि अमेरिका के शुल्क का जवाब देने के लिए यूरोपीय संघ क्या कदम उठाएगा। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में यूरोपीय संघ के इस्पात और एल्युमीनियम पर इसी तरह के शुल्क लगाए थे, जिससे यूरोपीय संघ और उसके अन्य भागीदार देशों में नाराजगी देखी गई थी। इसके बाद, यूरोपीय संघ ने अमेरिकी मोटरसाइकिल, बोरबोर, पीनट बटर और जीन्स जैसे उत्पादों पर शुल्क बढ़ाकर जवाब दिया था।

यूरोपीय संघ का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच सालाना व्यापार का आकार करीब 1.5 ट्रिलियन डॉलर है, जो दुनिया के कुल व्यापार का करीब 30 फीसदी है। हालांकि, यूरोपीय संघ का वस्तु व्यापार में पर्याप्त निर्यात अधिशेष है, लेकिन वह मानता है कि यह कुछ हद तक अमेरिका के सेवा व्यापार में अधिशेष से संतुलित होता है।

ईयू का कहना है कि 2023 में वस्तु का व्यापार 878 अरब डॉलर (851 अरब यूरो) तक पहुंचा, जिससे यूरोपीय संघ को 161 अरब डॉलर (156 अरब यूरो) का व्यापार अधिशेष मिला। वहीं, सेवा व्यापार 710 अरब डॉलर (688 अरब यूरो) का था, जिसमें यूरोपीय संघ को 107 अरब डॉलर (104 अरब यूरो) का व्यापार घाटा हुआ।

## अमेजन कंपनी के दो कर्मचारियों पर रिपोर्ट दर्ज, 15 लाख रुपए गबन का आरोप

- संवाददाता -

अम्बिकापुर, 14 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

अमेजन कंपनी के दो कर्मचारियों द्वारा 3.4 लाख का ग्राहकों का सामान व कंपनी का 12 लाख रुपए नकदी धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। कैंपनी के कैशियर ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार करण यादव अमेजन कंपनी में कैशियर का काम करता है। वह गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीते 1 माह में ऑपरेशन मैनेजर किशन तिवारी और स्टेशन मैनेजर अरुण सिंह के कार्यकाल के दौरान 3.4 लाख के पैकेज गबन और 12 लाख की नकद चोरी की घटना सामने आई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि संदेह होने पर मामले की जांच कराई थी। जांच में कंपनी के कर्मचारी अनिश तिवारी, सलीम खान, राजकुमार और प्रकाश पटेल ने स्वीकार किया कि उन्होंने आरोपियों को भुगतान किया था। डिलीवरी एसोसिएट्स द्वारा पैकेज डिलीवरी के बाद, वे सीओडी के पैसे अरुण सिंह और किशन तिवारी के पास जमा कर रहे थे। लेकिन इन दोनों ने कंपनी के खाते में पैसे जमा करने के बजाय उसे खुद रख लिया और शिपमेंट स्टेटस को सिस्टम में सही तरीके से अपडेट नहीं किया। इस तरह, उन्होंने कंपनी और डिलीवरी एसोसिएट्स दोनों को धोखा दिया। गांधीनगर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ 116(5), 318 (4), 61(2) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## महिला के किराए के घर का ताला तोडक़र नगदी सहित जेवरात चोरी

- संवाददाता -

अम्बिकापुर, 14 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

महिला ने अपने किराए के घर में ताला बंदकर 13 फरवरी की रात को पड़ोस में रहने वाली सहेली के घर सोने चली गई थी। इधर चोरों ने उसके घर का ताला तोडक़र 15 हजार रुपए नकदी, सोने का मांग टिका, चांदी का कमरबंद सहित अन्य सामान पार कर दिया। महिला मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है।

पुलिस के अनुसार आरती कुशवाहा ग्राम करजी भाटापारा थाना दरिमा की रहने वाली है। वह अंबिकापुर स्थित सत्तीपारा में सूर्य नारायण मिश्रा के घर में किराय में रहती है और मीना बाजार में दुकानदारी का काम करती है। 13 फरवरी की रात करीब 1 बजे खाना खाकर घर में ताला बंदकर पड़ोस में रहने वाली सहेली संध्या एक्का के किराए के रूम में सोने चली गई थी। सुबह 5 बजे उठकर अपने रूम में गई तो रूम का ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने बैग में रखे 15 हजार रुपए नकदी व सोने का मांगटिका, चांदी का कमरबंध व अन्य सामान पार कर दिया है। कुल चोरी लगभग 50 हजार रुपए की बताई जा रही है। महिला ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## अशांत बलूचिस्तान आईईडी की चपेट में आया ट्रक, धमाके में 11 कोयला श्रमिकों की मौत; सात घायल

**इस्लामाबाद, 14 फरवरी 2025।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को एक आईईडी विस्फोट में 11 कोयला श्रमिकों के मारे जाने की खबर है। वहीं, सात अन्य लोग घायल हुए हैं। ये श्रमिक एक ट्रक में जा रहे थे, जो सड़क किनारे रखे विस्फोटक के संपर्क में आ गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

हरनई के उपायुक्त हजरत वली काकड़ के मुताबिक, विस्फोट प्रांत के हरनई जिले के शाहराग इलाके में एक छोटे ट्रक पर हुआ। काकड़ ने कहा, हमने 11 शवों और सात घायलों को अस्पताल भेजा। उन्होंने बताया कि पीड़ित कोयला खदानों में काम करते थे और घायलों को नजदीकी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया।



पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह विस्फोट एक आईईडी के कारण हुआ, जिसे सड़क के किनारे लगाया हुआ था। कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और दोषियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया गया।

बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने घटना पर दुख जताया और कहा कि जांच शुरू कर दी गई है। रिंद ने कहा कि सबूत एकत्र किए जा रहे हैं और प्रारंभिक जांच से पता चला है कि विस्फोटक सामग्री को सड़क के किनारे लगाया गया था और जब ट्रक वहां से गुजरा तो उसमें विस्फोट हो गया।

अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन अतीत में इसी तरह के हमलों के लिए प्रतिबंधित बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) को जिम्मेदार ठहराया गया है। प्रतिबंधित विद्रोही समूहों ने हाल के महीनों में अपने हमले तेज किए हैं और बलूचिस्तान में काम कर रहे सुरक्षा बलों, सुरक्षा प्रतिष्ठानों और चीनी नागरिकों को निशाना बनाया गया है।

# कलेक्टर एवं एसपी ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

- संवाददाता -

अम्बिकापुर, 14 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगरीय निकाय चुनाव की 15 फरवरी को होने वाली मतगणना स्थल की तैयारियों का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोसकर एवं पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतगणना स्थल पर काउंटिंग टेबल, मतगणना एजेंट, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना और डाक मत पत्रों की गणना की तैयारियां के बारे में जानकारी ली।








गौरतलब है कि नगरीय निकाय निर्वाचन की मतगणना 15 फरवरी को प्रातः 9 बजे से होनी है। कलेक्टर एवं एसपी ने नगर निगम अंबिकापुर ,नगर पंचायत लखनपुर स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने ने मतगणना कक्ष में राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों के एजेंट की एंट्री, अधिकारी कर्मचारियों की एंट्री लिए समुचित बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था,मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, ईवीएम में दर्ज मतों की गणना और मतगणना की समाप्ति के पश्चात ईवीएम और निर्वाचन सामग्री को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

नगर निगम अम्बिकापुर के 48 वार्डों की मतगणना वार्डवार तीन कमरों में की जाएगी। मतगणना कक्ष एक में 1 से 16 तक, मतगणना कक्ष दो में 17 से 32 तक एवं मतगणना कक्ष तीन में 33 से 48 तक होगी।

वार्ड क्रमांक 1, 3, 15, 17, 18, 25, 30, 34, 38, 42, 48 तक का दो राउंड में, वार्ड क्रमांक 4, 6, 7, 8, 11, 12, 13, 14, 16, 19, 20, 21, 22, 23, 26, 27, 28, 29, 32, 33, 35, 37, 38, 44, 45 तक का तीन राउंड में, वार्ड क्रमांक 2, 5, 9, 10, 24, 31, 39, 40, 41, 46, 47 तक का मतगणना चार राउंड में संपन्न होगी। इसी तरह लखनपुर एवं सीतापुर में 15-15 वार्ड है। जहां 15 टेबल निर्धारित किए गए हैं जोकि एक-एक राउंड में मतगणना सम्पन्न होगी।

इस निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, एसडीएम श्री फागेश सिन्हा, एएसपी श्री अमोलक सिंह सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### नगर पंचायत पटना में पहली बार हुए चुनाव की मतगणना आज, करीब 85 प्रतिशत मतदान के बाद,परिणाम पर सभी की नजर

# पहले नवीन नगर पंचायत पटना के अध्यक्ष पद की कुर्सी पर किसका होगा कब्जा आज होगा तय



कन्या हाईस्कूल जहां आज होगा







## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और पारदर्शिता सुनिश्चित

मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। स्ट्रांग रूम को पुलिस की निगरानी में रखा गया है, साथ ही सीसीटीवी कैमरों और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के माध्यम से मतगणना की पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। नगर पंचायत पटना का यह पहला चुनाव ऐतिहासिक माना जा रहा है, क्योंकि इससे नगर के विकास और भविष्य की दिशा तय होगी। मतगणना के हर चरण के बाद रुझान सामने आते रहेंगे, जिन पर नगरवासियों की पैनी नजर बनी रहेगी। अब देखना यह होगा कि जनता के समर्थन से कौन-सा प्रत्याशी नगर पंचायत पटना की कमान संभालेगा और विकास की नई रूपरेखा तैयार करेगा।

-संवाददाता-
कोरिया/पटना, 14 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
कोरिया जिले में नवीन नगर पंचायत पटना का पहला चुनाव संपन्न हो गया, अब पहला नगर पंचायत अध्यक्ष कौन होगा इसका फैसला आज हो जाएगा, फैसले को लेकर प्रत्याशियों की सांस अटकी हुई है सभी अब भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं कि वह जीत कर इस कुर्सी पर बैठ जाएं, पर अब देखना यह है कि कौन इस कुर्सी पर बैठता है इसका इंतजार आज खत्म हो जाएगा, फैसले के साथ सारी चीज तय हो जाएगी पटना का प्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष कौन होगा यह भी आज तय होना है, जिसके लिए पंचायत पटना में पहली बार हुए चुनाव की मतगणना 15 फरवरी को सुबह 9 बजे से कन्या हाईस्कूल, पटना में प्रारंभ होगी। 11 फरवरी को हुए मतदान में 84.99 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो यह दर्शाता है कि स्थानीय शासन व्यवस्था को लेकर लोगों में काफी उत्साह और जागरूकता है। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए कुल 5 प्रत्याशी और 15 वार्डों के पार्षद पद के लिए 59 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने मतगणना कार्यों में नियोजित अधिकारियों, कर्मचारियों के निर्देश दिए हैं कि पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ शांतिपूर्ण मतगणना कार्यों को सम्पन्न कराएं। नगर पंचायत पटना के रिटर्निंग अधिकारी उमेश पटेल ने बताया कि मतगणना के लिए 15 टेबल लगाए गए हैं, इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को पूर्व में ही विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

# जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने रोका नाबालिक का बाल विवाह





-संवाददाता-
सूरजपुर 14 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के कुशल मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल के नेतृत्व में सूरजपुर को बाल विवाह मुक्त बनाने की ओर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम पूरी तरह अग्रसर है।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल को सूचना प्राप्त हुई की नगर केन्द्र सूरजपुर में एक 17 वर्ष 06 माह की लडकी का बाल विवाह किया जाने वाला है जिसकी सूचना जिला कार्यक्रम अधिकारी को दी गई जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश पर संयुक्त टीम का गठन कर तत्काल मौके पर जांच एवं कार्यवाही हेतु टीम जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायवाल एवं परियोजना अधिकारी श्रीमती वर्षा अग्रवाल के साथ पहुंची, वहीं जांच करने पर पाया कि बालिका का उम्र 17 वर्ष 07 माह 20 दिन हो रहा है मण्डप की तैयारी की जा रही है और परिवार वाले तिलक की रस्म करने के लिए कोरिया जाने की तैयारी में हैं परिवारजनो को समझाईस दिया गया कि अभी लडकी विवाह योग्य नही है 18 वर्ष पूर्ण करने पर ही विवाह किया जा सकता है उसके पूर्व विवाह करने पर बाल विवाह प्रतिशेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया जायेगा जिसके तहत एक लाख रूपये जुर्माना एवं दो वर्ष की सजा का प्रावधान दिया गया है समझाईस पर परिवार जनो ने बालिका के 18 वर्ष पूर्ण होने पर विवाह करने की सहमती प्रदान की जिसका वचन पत्र कथन मौका पंचनामा बालिका का कथन लिया गया वहां उपस्थित सभी को बाल विवाह नही करने और बालविवाह के दुष्परिणाम में संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही सभी को बाल विवाह मुक्त भारत, बाल विवाह मुक्त छ0ग0, बाल विवाह मुक्त सूरजपुर बनाने की अपील की गई सभी ने बाल विवाह मुक्त अभियान में अपनी सहभागिता देने की बात कहीं, सभी को टोल फ्री न0 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, टोल फ्री न0 महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन टोल फ्री न0 112 की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यवाही मे जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल, परियोजना अधिकारी श्रीमती वर्षा अग्रवाल, संरक्षण अधिकारी श्री अखिलेख सिंह,पर्यवेक्षक अविधा उईके,चाईल्ड लाईन से कार्तिक मजूमदार,सुश्री शीतल सिंह,पवन धीवर आउट रीच वर्कर, पुलिस विभाग से हेड कांस्टेबल अखिलेश यादव,प्रेम सागर साहू उपस्थित थें।

# जिले में तीन चरणों में होगा पंचायत निर्वाचन

-संवाददाता-
बलरामपुर 14 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 13627 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सदस्य के लिए 93, पंच के लिए 1044, सरपंच के लिए 2452, सदस्य जनपद पंचायत के लिए 642 अभ्यर्थी चुनाव लड़ेंगे। बलरामपुर जनपद के अंतर्गत पंच के लिए 1598, सरपंच 336 तथा जनपद सदस्य के लिये 85 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत राजपुर के अंतर्गत पंच के लिए 1089, सरपंच के 313, जनपद सदस्य के लिए 95 उम्मीदवार, जनपद पंचायत शंकरगढ़ के अंतर्गत पंच के 1091, सरपंच के 301, जनपद सदस्य के लिए 78, जनपद पंचायत कुसमी के अंतर्गत पंच के 1732, सरपंच के 416, जनपद सदस्य के लिए 115, जनपद पंचायत रामचन्द्रपुर के अंतर्गत पंच के 2675, सरपंच के 572 तथा जनपद सदस्य के 133 उम्मीदवार तथा जनपद पंचायत वाड्रफनगर के अंतर्गत के पंच के 2255, सरपंच के 514 तथा जनपद सदस्य के 136 उम्मीदवार तथा जिला पंचायत सदस्य के लिए 93 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की सारी तैयारियां अंतिम चरण में है। जिले में 476 ग्राम पंचायत हैं। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत प्रथम चरण में 17 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत राजपुर, शंकरगढ़ एवं कुसमी में मतदान होना है। इसी प्रकार द्वितीय चरण में 20 फरवरी को जनपद पंचायत बलरामपुर में मतदान होगा तथा तृतीय चरण में 23 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत रामचंद्रपुर एवं


## कार्यालय वनमंडलाधिकारी कटघोरा वनमंडल,कटघोरा ,जिला-कोरबा (छ.ग.)

फोन/फैक्स नं, 07815-250157 E-mail Id- dfokatghora@gmail.com

### नीलाम-सूचना

सर्व साधारण का सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत कसनिया काष्ठागार में रखी गई निम्नानुसार ईमारती काष्ठ/जलाऊ चट्टा/व्यापारिक बांस/औद्योगिक बांस का ई-आक्शन द्वारा निवर्तन किया जायेगा। ईच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन 20.02.2025 में भाग लेंगे। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/काष्ठागार कसनिया से प्राप्त की जा सकती है।

**विवरण**

| अ.क्र. | प्रजाति | पिछले नीलाम का शेष | | नया वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली/डेंगरी | लट्ठा | बल्ली/डेंगरी | लट्ठा | बल्ली/डेंगरी |
| | | घ0मी0 | नग | घ0मी0 | नग | घ0मी0 | नग |
| 1 | सागौन | 209.998 | 2698 | 38.444 | 2595 | 248.442 | 5293 |
| 2 | साल | 316.279 | 875 | 177.573 | 931 | 493.852 | 1806 |
| 3 | बीजा | 4.846 | 37 | 57.455 | 83 | 62.301 | 120 |
| 4 | तिंसा | 0.218 | | | | 0.218 | 0 |
| 5 | शीशम | | | | | 0.000 | |
| 6 | खम्हार | | 29 | | | 0.000 | 29 |
| 7 | हल्दू | 1.560 | | 1.037 | 1 | 2.597 | 1 |
| 8 | साजा | 0.849 | 43 | 15.459 | 124 | 16.408 | 167 |
| 9 | धावड़ा | | | 0.873 | | 0.873 | 0 |
| 10 | सलिहा | | | 3.554 | | 3.554 | 0 |
| 11 | नीलगिरी | | 3 | | | 0.000 | 3 |
| 12 | शीशू | | | | | 0.000 | 0 |
| 13 | अन्य | 30.809 | 564 | 134.912 | 313 | 165.721 | 877 |
| 14 | तेन्दू | | 7 | 11.952 | | 11.952 | 7 |
| योग (काष्ठ) | | 564.659 | 4256 | 441.259 | 4047 | 10005.918 | 8303 |
| 15 | सागौन जलाऊ | 8 | चट्टा | 0 | चट्टा | 8 | चट्टा |
| 16 | सतकठा जलाऊ | 144 | चट्टा | 0 | चट्टा | 144 | चट्टा |
| 17 | करा जलाऊ | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा |
| 18 | नीलगरी | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा |
| 19 | सलिहा जलाऊ | 5 | चट्टा | 0 | चट्टा | 5 | चट्टा |
| योग जलाऊ | | 157 | चट्टा | 0 | चट्टा | 157 | चट्टा |
| 20 | व्यापारिक बांस | 0 | नग | 0 | नग | 0 | नग |
| | (नग) | 0.000 | नो.टन | 0.000 | नो.टन | 0.000 | नो.टन |
| 21 | आद्योगिक बांस | 300 | बण्डल | 48.00 | बण्डल | 348 | बण्डल |
| | (ब्रण्डल) | 2.499 | नो.टन | 0.400 | नो.टन | 2.899 | नो.टन |
| योग (बांस) | | 2.499 | नो.टन | 0.400 | नो.टन | 2.899 | नो.टन |
| निस्तार डिपो पाली में रखे जाने वाले जलाऊ की जानकारी | | | | | | | |
| 22 | सतकठा जलाऊ | 56 | चट्टा | 0 | चट्टा | 56 | चट्टा |

| अ.क्र. | डिपो का नाम | प्रजाति | पिछले नीलाम का शेष | | | | | | | नया वनोपज | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | लट्ठा | | बल्ली/डेंगरी | | जलाऊ | बांस | | लट्ठा | | बल्ली/डेंगरी | | जलाऊ | बांस | |
| | | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | चट्टा | नग | नो.टन | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | चट्टा | नग | नो.टन |
| 1 | निस्तार डिपो सक्ती | अन्य | 324 | 40.661 | 105 | 0.671 | | | | | | | | | | |
| | | सतकठा | | | | | 32 | | | | | | | | | |
| 2 | अकलतरा डिपो | सागौन | | | 380 | 3.060 | | | | 29 | 3.946 | 4 | 0.067 | | | |
| | | नीलगिरी | | | | | | | | 246 | 15.263 | 1599 | 35.977 | | | |
| | | सतकठा | | | | | 53 | | | | | | | | | |
| | | आधो.बांस | | | | | | | | | | | | | 70 | 4.044 |
| 3 | बारद्वार | अन्य | 72 | 8.079 | | | | | | | | | | | | |
| | | सतकठा | | | | | 22 | | | | | | | | | |
| 4 | जांजगीर | सागौन | | | | | | | | 16 | 0.943 | 4 | 0.046 | | | |
| | | अन्य | | | | | | | | 184 | 26.511 | | | | | |
| | | सतकठा | | | | | | | | | | | | 114 | | |
| 5 | पंतोरा डिपो | तेंदू | 130 | 20.861 | | | | | | | | | | | | |
| | | साजा | 45 | 9.337 | | | | | | | | | | | | |
| | | अन्य | 29 | 4.032 | | | | | | | | | | | | |
| | | सतकठा | | | | | 16 | | | | | | | | | |
| योग | | | 600 | 82.970 | 485 | 3.731 | 123 | 0 | 0.000 | 475 | 46.663 | 1607 | 36.090 | 114 | 70 | 0.044 |

टीप:-
1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व कम लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदारों को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई0एम0डी0 की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम0एम0टी0सी0 ई कामर्स पोर्टल में अपने आई0डी0 से लॉग इन करके देख सकते है।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

जी.नं.-242505504/1

वनमंडलाधिकारी
कटघोरा वनमंडल,कटघोरा


# रिटायरमेंट से पहले रिश्वत लेते पकड़े गए सूरजपुर के जिला शिक्षा अधिकारी

## प्राइवेट स्कूलों से 10 प्रतिशत कमीशन मांगना भारी पड़ा, एसीबी ने एक लाख घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा



-संवाददाता-
सूरजपुर, 14 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर पूरी नौकरी काट लिए मजे में नौकरी के अंतिम क्षणों में लग गया बाडा दाग, जिससे अब उभर पाना भी उनके लिए हो गई मुसीबत, हमेशा लोग चाहते हैं कि नौकरी अच्छे तरीके से कट जाए अंतिम समय और भी अच्छा रहे, सेवानिवृत होने के बाद सम्मान से विदाई भी दी जाती है पर सेवानिवृत होने से पहले ही अरेस्ट होकर जेल जाना पड़ा, पर कुछ लोग अपनी आदतों से बाज नहीं आते और चाहते हैं की अंतिम समय में कितना ज्यादा पैसा कमा सके, कुछ इसी लालच में सूरजपुर के जिला शिक्षा अधिकारी को अपने नौकरी के अंतिम समय में अपने इज्जत को मटीया मेट करा लिया, नौकरी से विदाई वाले पाल को वह सलाखों के पीछे देखने के लिए मजबूर हो गए, अंतिम समय में जहां उन्हें बिना लालच व प्रलोभन के अपने नौकरी के 15 दिन काटने थे वहां वह रिश्वत लेते पकड़े गए अंतिम समय में वह मात खा गए, आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ की एसीबी ने दो बड़ी कार्यवाही करते हुए सूरजपुर जिला शिक्षा अधिकारी और रेंजर को रिश्वत लेते टेप कर लिया। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। छत्तीसगढ़ की एसीबी को सूरजपुर के जिला शिक्षा अधिकारी रामललित पटेल के खिलाफ लंबे समय से शिकायत मिल रही थी। उसे पकड़ने के लिए एसीबी टीम ने जाल बिछाया और आज एक लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया। एसीबी ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने जिला शिक्षा अधिकारी को जेल भेज दिया। सूरजपुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी कुछ दिन बर्दाश्त नहीं कर सकते थे और सही तरीके से अपने नौकरी नहीं कट पा रहे थे आज उन्हें उन्हें का प्रलोभन व लालच ने सेवानिवृत होने से रोक दिया जहां सेवानिवृत्ति व सम्मानित होते आज वह पूरे प्रदेश में अपमानित हो गए, आज उनके ऊपर ठीक सेवानिवृत्ति से 15 दिन पहले बड़ी कार्यवाही हो गई जो उनके लिए पूरे नौकरी के बीच का काला अध्याय ही साबित हुआ।

दरअसल, पीड़ित उज्जवल प्रताप सिंह, रामरति पब्लिक स्कूल, सूरजपुर का संचालक हैं। उनके और जिले के अन्य 04 विद्यालयों (छ.ग. पब्लिक स्कूल दतिमा, सरस्वती बाल मंदिर सोनपुर, प्रिया बाल मंदिर भटगांव एवं लक्ष्मी विद्या निकेतन नरोला) के संचालकों द्वारा एन्टी करप्शन ब्यूरो, अंबिकापुर में शिकायत की गई थी कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत् अशासकीय विद्यालयों को मिलने वाले प्रतिपूर्ति की राशि में से 10 प्रतिशत के हिसाब से 2 लाख रू. की रिश्वत जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपूर राम ललित पटेल द्वारा मांग की जा रही है। पीड़ितों द्वारा रिश्वत नहीं देना चाहते थे, बल्कि आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहते थे। शिकायत सत्यापन दौरान 1,82,000 रू. में सहमति बनी। आज को ट्रेप आयोजित कर प्रार्थी से राम ललित पटेल को रिश्वती रकम की पहली किश्त 1 लाख रू. रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी के स्वयं के तलाशी दौरान उसके पास से 2 लाख रू. अतिरिक्त प्राप्त हुआ है, जो अन्य स्कूलों के रिश्वत राशि के रूप में उसके द्वारा पहले से लिया गया था। उल्लेखनीय है कि जिला सूरजपुर के अशासकीय स्कूलों के संचालक जिला शिक्षा अधिकारी से त्रस्त होकर एकजुट होकर एसीबी में शिकायत किये थे। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत् अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। आरोपी के निवास स्थान की भी तलाशी जारी है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा) अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

::-ईश्तहार::-

रा0प्र0क्र0/अ-2/2024-2025

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किय जाता है कि आवेदक पियूषकान्त मण्डल पिता स्व0 पूरनचंद मण्डल जाति नमोशुद्र निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम फ_न्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नम्बर 471/22 रकबा 0.112 हे0 भूमि को कृषि भिन्न व्यावसायिक(यात्री विश्रामगृह तथा भोजनालय) प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1,खसरा भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 20/02/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 05/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी(रा0) अम्बिकापुर


CMYK

# क्या स्वीप कार्यक्रम में मतदान की शपथ लेने वाले कर्मचारी पंचायत चुनाव में नहीं कर पायेंगे मतदान?

### कोरिया जिले में स्वीप कार्यक्रम कर्मचारियों को शपथ दिलाने तक सीमित,कर्मचारी भी नहीं डाल पाएंगे अपना मत

### अधिकांश कर्मचारी उसी दिन निर्वाचन कार्य में रहेंगे कर्तव्यस्थ जिस दिवस उनके क्षेत्र ग्राम में भी होना है मतदान

### कर्मचारियों का मतदान भी पंचायत चुनाव में हो सुनिश्चित,इस मामले में जिला निर्वाचन विभाग नहीं है गंभीर

### कर्मचारी अब असमंजस और तनाव में,कई कर्मचारियों के घरों से पंचायत चुनाव में परिवार के लोग हैं प्रत्याशी







-रवि सिंह-
कोरिया,14 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।
कोरिया जिले में कर्मचारी पंचायत चुनाव में अपने मत का प्रयोग नहीं कर पाएंगे ऐसा अब कम से कम बैकुंठपुर विकासखंड के कर्मचारियों को लेकर कहा जा सकता है खासकर ग्रामीण क्षेत्र के कर्मचारी।

बता दें कि कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान का दिवस 23 फरवरी है और इस दिवस ही बैकुंठपुर के ही कर्मचारियों को सबसे अधिक संख्या में चुनाव कार्य संपन्न कराने में कर्तव्यस्थ किया गया है। अब जो कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्र के हैं जो खासकर बैकुंठपुर विकासखंड के कर्मचारी हैं वह यदि 23 फरवरी को ही मतदान दल में नियोजित रहकर चुनाव संपन्न कराएंगे वह कैसे मतदान कर सकेंगे? वैसे कर्मचारियों की माने तो उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी सहित सभी जिम्मेदारों से अपनी बात रखी और मतदान करने के लिए अपने अधिकार का प्रयोग करने की अनुमति देने का आग्रह किया गया जहां उन्हें यह कहकर मना कर दिया गया कि राज्य निर्वाचन आयोग को इस संदर्भ में अवगत कराया गया और वहां से कोई मार्गदर्शन या कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ और एक तरह से यह बता दिया गया कि वह मतदान से वंचित ही रहेंगे।

### क्या कर्मचारी अपने ही गांव,जिला व जनपद के प्रतिनिधि नहीं चुन पाएंगे?

कर्मचारी विधायक सांसद चुनकर प्रदेश व देश की सरकार चुन में अपनी भागीदारी रखते है पर अपने ही गांव की सरकार चुनने के लिए वह अपने मत से वंचित रह जा रहे हैं यह कैसा संविधान है? त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बैकुंठपुर विकासखंड के जो कर्मचारी मतदान दल में नियोजित हैं और जिन्हें 23 फरवरी को मतदान कराने जाना है उनका कहना है कि कईयों के यहां से परिवार के ही लोग त्रिस्तरीय चुनाव में पंच से लेकर जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में प्रत्याशी हैं और जहां एक एक मत का महत्व है और वह ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर भी मतदान नहीं कर पाएंगे और कई प्रत्याशी उनके परिवार के एक दो मत से हार भी सकते हैं जो उनके लिए भविष्य और जीवनभर के आलोचना और पारिवारिक उलाहना का विषय बन जाएगा। वैसे जिला निर्वाचन विभाग प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को 100 प्रतिशत मतदान का भी अपील करवा रहा है और यह शपथ वही कर्मचारी ले रहे है जो खुद 23 फरवरी को मतदान से वंचित होने वाले हैं। एक तरह से देखा जाए तो स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जो शपथ दिलाया गया वह शपथ झूठा साबित हुआ,क्योंकि शपथ लेने वाले अब खुद मतदान से वंचित हैं।

### क्या राज्य निर्वाचन आयोग ऐसे मुद्दे को लेकर गंभीर नहीं?

पूरे मामले को देखकर सुनकर यही लगता है कि राज्य निर्वाचन आयोग पूरे मामले में जरा भी गंभीर नहीं। राज्य निर्वाचन आयोग का स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत चलाया जाने वाला मतदान का शपथ कार्यक्रम भी एक तरह से दिखावा मात्र है। कुलमिलाकर राज्य निर्वाचन आयोग कर्मचारियों के मतदान के अधिकार विषय में गंभीर है ही नहीं और वह इसके लिए जरा सा भी विचार नहीं करना चाहती। राज्य निर्वाचन आयोग चाहता कर्मचारी मतदान के अधिकार से वंचित नहीं रहते है, लेकिन निर्वाचन आयोग की अनदेखी की वजह से अब कर्मचारियों को मतदान से वंचित रहना होगा और ग्राम की सरकार में शिक्षित मतदाताओं का कोई किरदार नहीं होगा।

### कर्मचारियों को मतदान का अधिकार न मिलने पर प्रत्याशी भी परेशान और कर्मचारी भी परेशान

कर्मचारियों को मतदान का अधिकार नहीं मिलने पर कर्मचारी भी परेशान हैं और वह निराश हैं वहीं प्रत्याशी भी परेशान हैं। वार्ड पंच और सरपंच पद के प्रत्याशी सबसे ज्यादा परेशान हैं क्योंकि इन दोनों पदों में कई बार एक एक वोट से जीत हार हो जाता है। प्रत्याशियों को काफी निराश देखा जा रहा है कई जगह क्योंकि कई जगह प्रत्याशियों ने मतों की गणना कर ली है।

### विधानसभा लोकसभा व नगरीय निकाय में विकल्प रहता है पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विकल्प क्यों नहीं?

कर्मचारियों को हर चुनाव में मतदान का अधिकार मिलता है,पहले ही उनका या तो पोस्टल बैलेट से मतदान करा लिया जाता है या फिर ईडीसी से मतदान दिवस ही मतदान करा लिया जाता है,पंचायत चुनाव में पहले यह ध्यान दिया जाता था कि विकासखंड अनुसार अलग अलग तिथियां हुआ करती थीं और एक विकासखंड के कर्मचारी दूसरे विकासखंड जाया करते थे वहीं दूसरे के अन्य विकासखंड और इस तरह वह अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर लिया करते थे। केवल यही अवसर है जब कर्मचारियों को उनके मतदान का अधिकार नहीं मिलने वाला। वैसे निर्वाचन आयोग चाहता पोस्टल बैलेट वाला विकल्प कर्मचारियों के लिए रखा जा सकता था क्योंकि पोस्टल बैलेट के लिए केवल लिफाफे की ही जरूरत पड़ती मतपत्र पहले से ही छपा चूंकि पंचायत चुनाव में उपलब्ध रहता है।



## दीपका पुलिस ने दो आरोपियों पर कार्यवाही करते हुए 180 लीटर महुआ शराब किया जब्त

-संवाददाता-
कोरबा,14 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।
पुलिस अधीक्षक, जिला कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितिश ठाकुर , यातायात एवं साइबर प्रभारी रविंद्र कुमार मीना (भा.पु.से.) एवं नगर पुलिस अधीक्षक विमल पाठक के मार्गदर्शन में थाना दीपका पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम केराकछार में छापामार कार्रवाई की गई।

कार्यवाही के दौरान आरोपियों से 180 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। शराब के साथ ही, शराब निर्माण में प्रयुक्त बर्तन, गैस सिलेंडर जप्त किया गया एवं लगभग 500 किलोग्राम महुआ लहान एवं भट्ठी को नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में थाना दीपका में उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक-39/25,40/25 धारा- 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है एवं आरोपी 1) इंद्र कुमार धनुवार पिता स्वर्गीय बिहानू राम धनुवार उम्र 45 वर्ष सा टुकेराकछार थाना दीपका जिला कोरबा (छत्तीसगढ़) 2) कमल गोंड पिता स्वर्गीय तुलसीराम उम्र 28 वर्ष थाना दीपका जिला कोरबा (छत्तीसगढ़) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

## संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में कोरिया जिला फिर अव्वल युवा अपने हुनर को निखारें और उस दिशा में आगे बढ़ें:कलेक्टर




कोरिया,14 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।
संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता 2024-25 में कोरिया जिले ने लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर में आयोजित हुई, जिसमें संभाग के छह जिलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।युवा अपने हुनर को निखारें और उस दिशा में आगे बढ़ें- कलेक्टर चंदन त्रिपाठी इस उपलब्धि पर सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि कोरिया के युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा और जीवटता समाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि अवसर मिलने पर साबित करने में पीछे नहीं होते। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने यहाँ के युवाओं से कहा कि वे अपने हुनर को समझे और उस दिशा में लगातार आगे बढ़ें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सभी युवाओं को बधाई देते हुए कहा लक्ष्य हासिल करना और लक्ष्य के पीछे जीवटता से लगे रहना दोनों अलग चीज है। इसलिए हमें हर समय सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए और यह परिणाम आज देखने को मिला। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में कोरिया जिले की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में प्रवेश सुनिश्चित किया।

### कोरिया के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

इस प्रतियोगिता में कोरिया जिले के चार प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने व्यक्तिगत मोमेंटो प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। प्रधानमंत्री-माहीन जावेद अंसारी, श्रेष्ठ प्रश्नकर्ता सांसद-वैष्णवी,श्रेष्ठ वक्ता (पक्ष)-सृष्टि दास, श्रेष्ठ पक्षीय सांसद-रूखसार परवीन रहे।

### लोकतंत्र की समझ बढ़ाने की पहल

युवा संसद प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करना और युवाओं को संसदीय प्रणाली की गहरी समझ प्रदान करना है। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी वाकपटुता और तार्किक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उनकी नेतृत्व क्षमता निखरी। कोरिया जिले की इस गौरवशाली उपलब्धि पर जिला प्रशासन, शिक्षकों और अभिभावकों ने विजयी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अब यह टीम राज्य स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी।

## शिक्षक गोपाल सिंह को संभाग स्तर पर शिक्षा श्री पुरस्कार से किया गया सम्मानित

### शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

-संवाददाता-
सूरजपुर,14 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।
विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी संभाग स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ जिसमें शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर में पदस्थ रसायन शास्त्र के व्याख्याता गोपाल सिंह को संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा हेमंत उपाध्याय के द्वारा सरगुजा जिले के जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा और सहायक संचालक विनोद राय की उपस्थिति में मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण योजना के अंतर्गत शिक्षा श्री से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाले उन शिक्षकों को दिया जाता है जो बच्चों केअध्ययन-अध्यापन के साथ उनके विभिन्न कौशालों का विकास,बौद्धिक,शारीरिक एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति उत्तरदायित्व के लिए प्रेरणादायक कार्य करते हैं और जो दूसरों को भी अच्छे कार्य के लिए प्रेरित करते हैं,यह सम्मान संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों से सर्वश्रेष्ठ तीन शिक्षकों को दिया जाता है।शिक्षक के द्वारा अभी तक अपने विद्यालय से चार बार राष्टीय स्तर पर कुल छःविद्यार्थियों को और छःबार राज्य स्तर पर कुल पंद्रह विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में सम्मानित कराया जा चुका है।शिक्षक के द्वारा विद्यालय में गणित एवं विज्ञान क्लब,यूथ एवं इको क्लब,युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम,योग की कक्षा,प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी,मोटिवेशनल स्पीच के अलावा स्कूल स्तर पर संचालित विभिन्न प्रकार के शैक्षिक कार्यक्रमों का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से कराया जाता है। शिक्षक नेअपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने संस्था के प्राचार्य पी सी सोनी को दिया है,जिनका हमेशा उनके प्रत्येक शैक्षणिक गतिविधि में विद्यालय स्तर पर सहयोग और मार्गदर्शन बना रहता है।इस सम्मान को प्राप्त करने पर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल,सहायक संचालक शिक्षा रविंद्र सिंह देव,जिला मिशन समन्वयक (समग्र शिक्षा)शशिकांत सिंह,संस्था के प्राचार्य पी सी सोनी,विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू,खंड स्त्रोत समन्वयक मनोज कुमार जायसवाल,इंस्पायर अवार्ड के प्रभारी संतोष उपाध्याय,अर्थशास्त्र की व्याख्याता निशा सिंह,प्रधान पाठक सीमांचल त्रिपाठी, के अलावा जिले और विकासखंड के समस्त शैक्षणिक स्टाफ ने शिक्षक की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।व्याख्याता गोपाल सिंह को सम्मानित किए जाने पर शिक्षकों और पालकों में हर्ष है।




## रामानुजनगर के माध्यमिक शाला पतरापाली में पुलवामा आतंकी हमले में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

-संवाददाता-
सूरजपुर 14 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।
विकासखंड रामानुजनगर के माध्यमिक शाला पतरापाली में आज आज पुलवामा आतंकी हमले में शहीदो को श्रद्धांजलि दी गयी। विद्यालय की अनीता सिंह ने बच्चों को बताया कि छह साल पहले, 14 फरवरी 2019 को दोपहर करीब 3 बजे, जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में एक ऐसा आतंकी हमला हुआ जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। जैश-ए-मोहम्मद के आत्मघाती हमलावर आदिल अहमद डार ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी से सीआरपीएफ के काफिले पर हमला किया था। इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस घटना ने भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में और तनाव बढ़ा दिया था, क्योंकि इस हमले के पीछे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन का हाथ था। हमले के दिन, जम्मू से श्रीनगर जा रहे सीआरपीएफ के काफिले में 78 बसें थीं, जिनमें लगभग 2500 जवान सवार थे। अचानक, पुलवामा जिले के अवंतीपोरा। इलाके में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ने विस्फोटकों से लदी कार को काफिले की एक बस से टकरा दिया। टक्कर होते ही जबरदस्त धमाका हुआ, जिससे बस के परखच्चे उड़ गए। धमाके की गूंज दूर-दूर तक सुनाई दी और चारों ओर धुआं और मलबा फैल गया। इस दिन को हमारे देश भारत में काला दिवस के रूप में मनाते हैं। सभी बच्चों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर अपनी संवेदना व्यक्त की।



## भारत बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप से बाहर

**किंगदाओ (चीन),14 फरवरी 2025।** पिछले संस्करण का कांस्य पदक विजेता भारत शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में जापान से 3-0 से हारने के बाद बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप से बाहर हो गया। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की उभरती हुई



मिश्रित युगल जोड़ी और महिला एकल खिलाड़ी मालविका बंसोड़ ने अपने से कहीं अधिक उच्च रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन अंतिम आठ चरण में 2017 में चैंपियनशिप के विजेता जापान के खिलाफ भारत की हार को टाल नहीं सके। पहले मैच में हिरोकी मिडोरिकावा और नात्सु सैतो की दुनिया की 12वें नंबर की जोड़ी का सामना करते हुए, ध्रुव और तनिषा ने दूसरे गेम में जोरदार वापसी करते हुए निर्णायक गेम के लिए मजबूर कर दिया। लेकिन अनुभवी जापानी जोड़ी ने 61 मिनट के मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-13 से जीत हासिल कर बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद मालविका को दुनिया की 8वें नंबर की खिलाड़ी तोमोका मियाज़ाकी को रोकने का काम सौंपा गया, लेकिन उनके प्रयास पर्याप्त नहीं थे और वह जापानी स्टार शटलर के खिलाफ़ 21-12, 21-19 से हार गईं।





# आईपीएल 2025 के लिए 8 टीमों के कप्तानों के नाम हुए तय

### » अब इन 2 टीम को करना है अपने कप्तान का ऐलान

**नई दिल्ली,14 फरवरी 2025।** इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन की शुरुआत 22 मार्च से हो सकती है, जिसको लेकर अब सभी 10 फ्रेंचाइजियों के पास अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिए लगभग एक महीने का समय बचा है। इसी कड़ी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने 13 फरवरी को आगामी सीजन के लिए अपने नए कप्तान का ऐलान कर दिया जिसमें उन्होंने रजत पाटीदार को जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं कुछ टीमों ने पिछले सीजन में कप्तानी करने वाले प्लेयर्स की जिम्मेदारी को बरकरार रखने का फैसला किया है। ऐसे में अब तक 8 टीमों के कप्तानों के नाम जहां आईपीएल 2025 सीजन के लिए फाइनल हो चुके हैं तो वहीं 2 टीमों को अभी भी अपने नए कप्तान के नाम का ऐलान करना है।

### डिफेंडिंग चैंपियन केकेआर की कमान कौन संभालेगा

आईपीएल 2025 के लिए अब तक जिन 8 टीमों के कप्तानों के नामों का फैसला हो चुका है उसमें मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स,राजस्थान रॉयल्स, गुजरात टाइटंस, सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का नाम शामिल है। वहीं अब सभी फैंस को डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स टीम के कप्तान के नाम का ऐलान का इंतजार है। आईपीएल 2025 के लिए हुए मेगा ऑक्शन में केकेआर की टीम ने श्रेयस अय्यर को रिटेन करने का फैसला नहीं किया था, जिनकी कप्तानी में उन्होंने पिछले ही सीजन खिताब जीता था। वहीं मेगा ऑक्शन में अय्यर पंजाब किंग्स टीम का हिस्सा बन गए ऐसे में अब केकेआर को आईपीएल 2025 के लिए अपनी नई कप्तान का ऐलान करना होगा। केकेआर टीम की कप्तानी की रेस में 2 खिलाड़ी इस समय आगे चल रहे हैं, जिसमें वेंकटेश अय्यर और अजिंक्य रहाणे का नाम शामिल है।

### दिल्ली कैपिटल्स के नाम के नाम का फैंस को इंतजार

दिल्ली कैपिटल्स की टीम आईपीएल 2025 के सीजन में किस कप्तान के नेतृत्व में खेलने मैदान पर उतरेगी, इसको लेकर अब तक स्थिति पूरी तरह से साफ नहीं हुई है। फ्रेंचाइजी की तरफ से आगामी सीजन के लिए कप्तान के नाम का ऐलान नहीं किया गया है। दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से कप्तानी संभालने की रेस में केएल राहुल और अक्षर पटेल का नाम शामिल है, जिसमें राहुल इस सीजन को लेकर हुए मेगा ऑक्शन में दिल्ली की टीम का हिस्सा बने हैं, वहीं अक्षर टीम का पिछले कई सीजन से एक अहम हिस्सा हैं।

### आईपीएल 2025 के लिए अब तक सामने आए टीमों के कप्तान के नाम

मुंबई इंडियंस - हार्दिक पांड्या
चेन्नई सुपर किंग्स - रुतुराज गायकवाड़
राजस्थान रॉयल्स - संजू सैमसन
गुजरात टाइटंस - शुभमन गिल
सनराइजर्स हैदराबाद - पैट कमिंस
पंजाब किंग्स - श्रेयस अय्यर
लखनऊ सुपर जाएंट्स-ऋषभ पंत
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - रजत पाटीदार

# बड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड के बराबर पहुंचे बाबर आजम

### » कोहली और धवन जैसे बल्लेबाज भी हो गए पीछे





**इस्लामाबाद,14 फरवरी 2025।** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच ट्राई सीरीज का फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पाकिस्तान के सुपरस्टार बल्लेबाज बाबर आजम ट्राई सीरीज में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और उनके बल्ले से एक भी अर्धशतकीय पारी नहीं निकली। फाइनल मैच में भी वह सिर्फ 29 रन बना पाए। लेकिन इसी के साथ उन्होंने एक खास रिकॉर्ड बना दिया है।

### बाबर आजम ने किया कमाल

मैच में पाकिस्तानी टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जब फखर जमां और सऊद शकील जल्दी पवेलियन लौट गए। इसके बाद बाबर आजम ने कुछ देर विकेट पर टिकने की कोशिश की, लेकिन वह भी 34 गेंदों में 29 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने अपनी पारी के दौरान चार चौके और एक छक्का लगाया। भले ही वह बड़ी पारी नहीं खेल पाए हों, लेकिन वनडे क्रिकेट में अपने 6000 रन पूरे करने में जरूर सफल रहे। वह वनडे क्रिकेट के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे तेज 6000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने हैं। उन्होंने हाशिम अमला के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की है। बाबर और अमला दोनों ने ही वनडे क्रिकेट की 123 पारियों में 6000 रन पूरे किए हैं।

### कोहली और धवन भी हो गए पीछे

बाबर आजम ने छह हजार रन पूरे करते ही विराट कोहली और शिखर धवन जैसे बल्लेबाजों को पीछे कर दिया है। कोहली ने वनडे में छह हजार रन 136 पारियों में पूरे किए थे। जबकि धवन ने ऐसा 140 पारियों में किया था। वहीं बाबर पाकिस्तान के लिए वनडे क्रिकेट में सबसे तेज छह हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज हैं। उनसे पिछला रिकॉर्ड सईद अनवर के नाम था, जिन्होंने 162 पारियों में छह हजार वनडे रन पूरे किए थे।

### ओडीआई में सबसे कम पारियों में 6000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज

हाशिम अमला- 123 पारी
विराट कोहली- 136 पारी
केन विलियमसन- 139 पारी
डेविड वॉर्नर- 139 पारी
शिखर धवन- 140 पारी

### पाकिस्तान के लिए वनडे क्रिकेट में लगा चुके 19 शतक

बाबर आजम पाकिस्तान के बेहतरीन प्लेयर्स में गिने जाते हैं। उन्होंने पाकिस्तान के लिए साल 2015 में वनडे क्रिकेट में डेब्यू किया था। इसके बाद से वह पाकिस्तानी बैटिंग ऑर्डर की अहम कड़ी बन गए हैं। उन्होंने 126 वनडे मैचों में कुल 6019 रन बनाए हैं, जिसमें 19 शतक और 34 अर्धशतक शामिल हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले न्यूजीलैंड को लगा तगड़ा झटका



### » रिप्लेसमेंट का आखिर कार करना पड़ा ऐलान

**न्यूजीलैंड,14 फरवरी 2025।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने में अब सिर्फ कुछ दिन का समय बचा है, लेकिन उससे पहले टीमों के आधिकारिक स्क्वाड में लगातार कुछ ना कुछ बदलाव देखने को मिल रहा है, जिसमें अब एक नाम न्यूजीलैंड टीम का भी शामिल हो गया है। कीवी टीम को टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले एक बड़ा झटका तेज गेंदबाज बेन सियर्स के रूप में लगा है जो हैम्स्ट्रिंग के चलते पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बेन की जगह पर रिप्लेसमेंट प्लेयर के नाम का ऐलान कर दिया है। कीवी टीम अभी पाकिस्तान पहुंच चुकी है, जहां पर वह चैंपियंस ट्रॉफी से पहले हो रही ट्राई सीरीज में खेल रही है।

### बेन सियर्स की जगह पर जैकब डफी को किया गया शामिल

न्यूजीलैंड क्रिकेट की तरफ से जारी किए गए आधिकारिक बयान में बताया गया कि बेन सियर्स को कराची में प्रैक्टिस के दौरान हैम्स्ट्रिंग की शिकायत होने पर उनका स्कैन कराया गया जिसके बाद उन्हें कम से कम 2 हफ्तों के लिए अब मैदान से बाहर रहना पड़ेगा। ऐसे में हमने सियर्स की जगह पर अपनी चैंपियंस ट्रॉफी के स्क्वाड में ओटागो वोल्ट्स के तेज गेंदबाज जैकब डफी को शामिल करने का फैसला किया है जो अभी चल रही ट्राई सीरीज में कीवी टीम का हिस्सा हैं। कीवी टीम के हेड कोच गैरी स्टीड ने बेन सियर्स के बाहर होने पर निराशा व्यक्त करने के साथ कहा कि इस तरह से टूर्नामेंट से ठीक पहले चोटिल होकर बाहर होना काफी निराशाजनक है, बेन के करियर का ये पहला आईसीसी टूर्नामेंट होता लेकिन अब वह बाहर हो गए हैं।

### रचिन रवींद्र और फर्ग्युसन की फिटनेस पर भी नजरें

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए कीवी टीम की स्क्वाड में अभी कुछ और बदलाव भी देखने को मिल सकते हैं, जिसमें सभी की नजरें रचिन रवींद्र और लॉकी फर्ग्युसन की फिटनेस पर भी टिकी हुई हैं। रचिन को ट्राई सीरीज के पहले मुकाबले में कैच पकड़ने के दौरान सीधे माथे पर गेंद लग गई थी, जिसके बाद से वह लगातार मैदान से बाहर चल रहे हैं।





# दिल्ली रॉयल्स की एक और जीत

### बिपुल शर्मा ने खोला लीग का पहला पंजा

**रायपुर(छत्तीसगढ़),14 फरवरी 2025।** दिल्ली रॉयल्स ने लीजेंड 90 लीग के 14वें मुकाबले में दुबई जायंट्स को छह विकेट से हराकर अपनी तीसरी जीत दर्ज की। शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में बिपुल शर्मा ने लीग में पहली बार पांच विकेट लेने का कारनामा कर दिखाया। उनकी घातक गेंदबाजी के चलते दुबई जायंट्स की टीम निर्धारित 15 ओवरों में 9 विकेट खोकर मात्र 97 रन ही बना सकी, जिसे बड़ी आसानी से दिल्ली ने 9 ओवर में ही हासिल कर लिया। टीम के नियमित कप्तान शिखर धवन की गैरमौजूदगी में टीम की कमान बिपुल शर्मा ने संभाली और धारदार गेंदबाजी करते हुए विरोधी खेमे को तहस-नहस कर दिया। उन्होंने 4 ओवरों में 21 रन देकर 5 विकेट चटकाए और दुबई जाइंट्स की बल्लेबाजी की कमर तोड़ के रख दी। बिपुल के अलावा प्रवीण गुप्ता ने दो और परविंदर अवाना ने एक सफलता हासिल की। छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली रॉयल्स की टीम ने हमेशा की तरह तेज शुरुआत की। पुनीत बिष्ट ने 15 गेंदों में 32 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली तो एंजेलो परेरा ने 22 गेंदों में 39 रन बनाए, अंत में अनुरीत सिंह ने दो छक्के जड़कर दिल्ली की जीत पर मुहर लगा दी।

जीत के बाद गेंदबाजी पर प्रतिक्रिया देते हुए प्लेयर ऑफ द मैच बिपुल शर्मा ने कहा, पिछले चार मैचों से मैं शिखर धवन को कप्तानी करते देख रहा था और वही रणनीति अपनाने की कोशिश की। पिच अच्छी थी, इसलिए मैंने गेंद को हवा में फ्लाइट देने और विविधता लाने पर ध्यान दिया। मैं बल्लेबाजों को पढ़कर अपनी गेंदबाजी में बदलाव कर रहा था, जिसका फायदा भी मिला। प्लेऑफ के बारे में प्रतिक्रिया देते हुए बिपुल शर्मा ने कहा कि, हम ज्यादा आगे की नहीं सोचते, हमारा लक्ष्य है कि अपना स्वाभाविक खेल खेलें और एक-एक मैच पर ध्यान दें। अगर जरूरत पड़ी तो बाद में नेट रन रेट पर भी विचार करेंगे,लेकिन अभी हमारा फोकस सिर्फ अगले मैच पर है। इस जीत के साथ दिल्ली रॉयल्स फिलहाल अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

# टीम इंडिया के कप्तान ने दिया बड़ा बयान



### कप को लेकर कही ये बात

**नई दिल्ली,14 फरवरी 2025।** भारतीय मेंस हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शुक्रवार को एफआईएच प्रो लीग के अपने अभियान की शुरुआत से पहले कहा कि उनकी टीम का मुख्य लक्ष्य हर मैच में जीत हासिल करना और लीग में शीर्ष स्थान पर रहकर 2026 के विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करना है। भारत शनिवार को भुवनेश्वर में स्पेन के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान की शुरुआत करेगा, और इसके बाद अगले दिन एक बार फिर से स्पेन से खेलेगा। इसके बाद टीम 16 और 19 फरवरी को जर्मनी के खिलाफ मुकाबला खेलेगी।

### हरमनप्रीत ने कही ये बात

हरमनप्रीत ने एफआईएच प्रो लीग के उद्घाटन से पहले मीडिया से बात करते हुए कहा, हॉकी इंडिया लीग से हमें बहुत अच्छा अभ्यास मिला है। हम महीनों से तैयारी कर रहे हैं, और एचआईएल से हमें अपनी रणनीतियों और खेल में सुधार करने का मौका मिला है। हम अपनी फिटनेस बनाए रखने में भी सक्षम हैं। उन्होंने यह भी कहा, हम सिर्फ अच्छा खेलना चाहते हैं, सभी खिलाड़ी फिट हैं और हमारा लक्ष्य प्रो लीग में हर मैच जीतने का है, ताकि 2026 के विश्व कप को देखते हुए हम सीधे क्वालीफाई कर सकें। 2026 का पुरुष हॉकी विश्व कप 14 से 30 अगस्त के बीच बेल्जियम के वेवरे और नीदरलैंड के अम्स्टेलवीन में आयोजित होगा। हरमनप्रीत, जो वर्तमान में दुनिया के सबसे बेहतरीन ड्रैगफ्लिकरों में से एक माने जाते हैं, ने घरेलू हॉकी इंडिया लीग के शीर्ष स्कोरर जुगराज सिंह की सराहना की। उन्होंने कहा, हमने एचआईएल में कुछ शानदार घरेलू खिलाड़ी देखे हैं। यह युवा खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा अवसर था और उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया। जुगराज ने सर्वाधिक गोल किए, और उसका प्रदर्शन बहुत शानदार रहा। मैं उसके लिए खुश हूं, और यह राष्ट्रीय टीम के लिए एक अच्छे संकेत हैं।

### कोच ने दिया बड़ा बयान

कप्तान ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी टीम स्पेन को हल्के में नहीं लेगी। उन्होंने कहा, स्पेन की टीम बहुत मजबूत है और हम उसे हल्के से नहीं ले सकते। हमारा ध्यान केवल अपने खेल पर है और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने भी एफआईएच प्रो लीग को टीम के लिए एक अच्छे संयोजन की तलाश का अवसर बताया। उन्होंने कहा,यह हमारे लिए सही टीम संयोजन तैयार करने का एक मौका है। हम कुछ नए प्रयोग करेंगे और देखेंगे कि हमारे लिए सबसे अच्छा क्या काम करता है। इस तरह, भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग के माध्यम से अपनी रणनीतियों को परखने और आगामी विश्व कप के लिए मजबूत आधार तैयार करने में लगी है।

# जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट का मोशन पोस्टर जारी

एक्टर जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म द डिप्लोमैट को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ली में इस फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसे फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं। इस मोशन पोस्टर में मेकर्स ने रिलीज डेट और ट्रेलर रिलीज डेट से पर्दा उठाया है।जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट का निर्देशन शिवम नायर कर रहे है। यह फिल्म 7 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। वही इस फिल्म का ट्रेलर कल यानी वेलेंटाइन डे के दिन रिलीज होने वाला है। इस मोशन पोस्ट में जॉन का धांसू अवतार दिखने को मिल रहा है। टी-सीरीज ने पोस्ट शेयर कर जानकारी दी कि-द डिप्लोमैट का ट्रेलर आज यानी 14 फरवरी को सुबह 11 बजे रिलीज होगा। इस पोस्टर को शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा-जब उम्मीद खत्म होती दिख रही थी, तब एक डिप्लोमैट ने बाधाओं को चुनौती देने का साहस किया। इस पोस्टर को देखने के बाद एक यूजर ने लिखा-इंतजार नहीं हो रहा है। दूसरे ने लिखा-जॉन + सादिया + एक सच्ची कहानी ब्लॉकबस्टर लोड हो रही है तीसरे ने लिखा-सिनेमाघरों में फिल्म देखने का इंतजार नहीं कर सकताद डिप्लोमैटसच्ची घटना पर आधारित है। इस फिल्म को शिवम नायर द्वारा निर्देशित और रितेश शाह द्वारा लिखित गया है। एक्शन थ्रिलर में सादिया खतीब, रेवती और कुमुद मिश्रा भी हैं। फिल्म का निर्माण टी-सीरीज के भूषण कुमार और कृष्ण कुमार, जॉन अब्राहम (जेए एंटरटेनमेंट), और विपुल डी. शाह, अश्विन वर्दे और राजेश बहल ने किया है। द डिप्लोमैट 7 मार्च, 2025 को रिलीज होने वाली है। जॉन अब्राहम आखिरी बार निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित वेदा में नजर आए थे। इस फिल्म में जॉन ने शर्वरी वाघ के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर किया था। फैंस ने इस फिल्म का काफी पसंद किया था।







# कभी सुष्मिता सेन के प्यार में डूबे ललित मोदी को अब फिर हुआ प्यार

### वैलेंटाइन डे पर जाहिर की मोहब्बत

आईपीएल के संस्थापक और पूर्व चेयरमैन ललित मोदी को फिर से प्यार हो गया है। वैलेंटाइन डे के मौके पर उन्होंने अपने प्यार का इजहार कर दिया है। ललित मोदी ने एक रोमांटिक पोस्ट में जगजाहिर किया कि उनकी लाइफ ने नई लेडी लव की एंट्री हो चुकी है। इसी के साथ ये साफ हो चुका है कि सुष्मिता सेन से उनका रिश्ता टूट चुका है और दोनों के अलगाव के बाद अब लाइफ में फिर से बहार आई है। ललित मोदी ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी प्रेमिका के साथ एक वीडियो शेयर किया है। इसे लोग रिलेशनशिप अनाउंसमेंट पोस्ट से ज्यादा ब्रेकअप का ऐलान मान रहे हैं।

### नहीं बताया गर्लफ्रेंड का नाम

हालांकि ललित मोदी ने अपनी साथी का नाम नहीं बताया, लेकिन उन्होंने उनके साथ कई तस्वीरें शेयर कीं, जिससे पता चला कि उनकी 25 साल की दोस्ती अब रिलेशनशिप में बदल चुकी है। ललित मोदी की शादी पहले मीनल मोदी से हुई थी। इस जोड़े ने 1991 में शादी की और 2018 में कैंसर के कारण मीनल की मौत होने तक साथ रहे। मीनल की मौत के बाद ललित मोदी की लाइफ में कई हसीनाएं आईं। इस बीच सुष्मिता सेन से भी उनके अफेयर की चर्चा रही। उन्होंने एक्ट्रेस के साथ वेकेशन की तस्वीरें पोस्ट करके अपने रिलेशनशिप का ऐलान किया था। फिलहाल अब नई गर्लफ्रेंड के चलते सुर्खियों में हैं।

### खास पोस्ट में कही प्यार भरी बातें

वैलेंटाइन डे पर अपनी बेहद खूबसूरत प्रेमिका के साथ वीडियो शेयर करते हुए ललित मोदी ने लिखा, एक बार भाग्यशाली-हां, लेकिन मैं दो बार भाग्यशाली रहा। जब 25 साल की दोस्ती प्यार में बदल जाती है। ऐसा दो बार हुआ। उम्मीद है कि आप सभी के साथ भी ऐसा हो। आप सभी को हैप्पी वैलेंटाइन्स डे। वीडियो क्लिप में दोनों के अनमोल पलों की झलक देखने को मिल रही है। पोस्ट शेयर करने के तुरंत बाद बधाई संदेश आने लगे हैं।

### दो साल पहले किया था ये पोस्ट

बता दें, साल 2022 में ललित मोदी ने सुष्मिता सेन के साथ रोमांटिक तस्वीरें साझा करके सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। उन्होंने मालदीव की छुट्टियों से अपनी तस्वीरें साझा की थीं। बीच वेकेशन की इन तस्वीरों के साथ ही एक कैप्शन भी लिखा, परिवार के साथ मालदीव सार्डिनिया के एक चक्करदार वैश्विक दौरे के बाद लंदन वापस आ गया हूं - मेरी बेटर हाफ सुष्मिता सेन। आखिरकार एक नई शुरुआत, एक नया जीवन। बहुत खुश हूं।

# 10 वीं और 12 वीं केंन्द्रीय बोर्ड की परीक्षा आज से

## जारी हुई गाइडलाइंस, किसी भी गलती की माफी नहीं!

**रायपुर,14 फरवरी 2025(ए)।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी 2024 से शुरू हो रही हैं। इस साल बोर्ड परीक्षा में देशभर से 44 लाख से अधिक छात्र शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर सीबीएसई ने छात्रों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य होगा।

### परीक्षा का समय और शेड्यूल

सीबीएसई 10 वीं बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से 18 मार्च 2024 तक होगी। वही सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से 4 अप्रैल 2024 तक होगी। परीक्षा का समय सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक, कुछ विषयों की परीक्षा 12:30 बजे तक होगी। छात्रों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पहले प्रश्न पत्र पढ़ने का समय दिया जाएगा। सुबह 10:00 बजे के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024: गाइडलाइंस और जरूरी निर्देश

ड्रेस कोड : रेगुलर छात्र अपने स्कूल की निर्धारित यूनिफॉर्म में परीक्षा देने आएंगे। वही प्राइवेट छात्र : हल्के या उजले रंग के कपड़े पहनकर परीक्षा में शामिल होंगे।






### परीक्षा में क्या लाना अनिवार्य है?

बिना एडमिट कार्ड के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। रेगुलर छात्रों को अपने स्कूल का आईकार्ड और प्राइवेट छात्रों को कोई भी सरकारी फोटो पहचान पत्र साथ लाना होगा।

### परीक्षा केंद्र में ले जाने योग्य चीजें :

पारदर्शी पाउच में पेंसिल, नीला/रॉयल नीला स्याही, स्केल, इरेज़र, राइटिंग पैड आदि। केवल साधारण घड़ी की अनुमति है। पारदर्शी पानी की बोतल। मेट्रो कार्ड/बस पास और आवश्यक पैसे।

### परीक्षा केंद्र में प्रतिबंधित चीजें :

कोई भी लिखित या मुद्रित सामग्री (पुस्तक, नोट्स, पेपर)।इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस : मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड, इलेक्ट्रॉनिक पेन।कैलकुलेटर (केवल विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को अनुमति)।वॉलेट, हैंडबैग, पाउच, गॉगल्स आदि। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे अपने परीक्षा केंद्र का दौरा परीक्षा तिथि से एक दिन पहले कर लें, ताकि परीक्षा के दिन केंद्र खोजने में कोई परेशानी न हो। एडमिट कार्ड पर माता-पिता और विद्यार्थी का हस्ताक्षर आवश्यक होगा। परीक्षा केंद्र में अनुशासन और सख्त निगरानी - सभी परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और हर केंद्र पर सहायक अधीक्षक उनकी निगरानी करेंगे। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन या किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का उपयोग करना सख्त वर्जित है।

### सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने पर होगी सख्त कार्रवाई

सीबीएसई ने चेतावनी दी है कि यदि कोई भी छात्र सोशल मीडिया पर परीक्षा से संबंधित गलत सूचना या अफवाह फैलाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। ऐसे छात्रों को नड्ड केवल वर्तमान वर्ष बल्कि अगले वर्ष की परीक्षा से भी प्रतिबंधित किया जा सकता है। उत्तरपुस्तिका में गलत व्यवहार पर भी कार्रवाई - यदि कोई छात्र उत्तरपुस्तिका में गाली-गलौच, धमकी भरा संदेश लिखता है या उसमें करेंसी रखता है, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### छत्तीसगढ़ में नहीं है साइबर क्राइम एक्सपर्ट, हाईकोर्ट ने जताई चिंता



**रायपुर,14 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं पर हाईकोर्ट ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने राज्य में साइबर एक्सपर्ट की नियुक्ति नहीं होने पर नाराजगी जताई। अदालत ने केंद्र सरकार को शपथ-पत्र के साथ जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है और जल्द से जल्द साइबर विशेषज्ञों की नियुक्ति करने को कहा है।

### बलौदाबाजार जांच आयोग का कार्यकाल का 4 माह आगे बढ़ा

**रायपुर,14 फरवरी 2025(ए)।** बलौदाबाजार के अमरगुफा में हुई घटना की जांच के लिए गठित जांच



आयोग का कार्यकाल 4 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। आयोग का कार्यकाल 12 फरवरी 2025 को समाप्त हो रहा था। सरकार ने इसे 12 जून 2025 तक बढ़ा दिया है।

### वेलेंटाइन-डे पर प्रेमी जोड़े ने की खुदकुशी



#### रेलवे ट्रैक पर मिली लाश

**बिलासपुर,14 फरवरी 2025(ए)।** वेलेंटाइन डे ,जहां प्रेमी जोड़े अपने प्यार का जश्न मनाते हैं, वहीं इस खास दिन पर एक प्रेम कहानी का अंत बेहद दर्दनाक हुआ। बिलासपुर में एक प्रेमी युगल ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। इस हादसे में दोनों के शव कटकर अलग-अलग हिस्सों में बंट गए हैं। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### देर रात भीषण गोलीकांड, 4 आरोपी गिरफ्तार



**सारंगढ़-बिलाईगढ़,14 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ में मामूली विवाद में एक युवक पर गोली चला दी थी। जिसके बाद आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी मौत हो गई। अब पुलिस ने मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी कृष्णा राजपूत अभी भी फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है. गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# रिश्वत लेते पकड़ाया वन विभाग का रेंजर

**» एंटी करप्शन ब्यूरो ने रंगे हाथों दबोचा**

**रायगढ़,14 फरवरी 2025 (ए)।** रिश्वतखोरों के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम लगातार कार्रवाई कर उन्हें रंगे हाथ पकड़ रही है। आज रायगढ़ जिले में एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वन विभाग के रेंजर पी.पी. वस्त्रकार को



15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। आरोपी रेंजर ने एक व्यक्ति से रिश्वत लेने की कोशिश की थी, जिसकी शिकायत के बाद एसीबी ने इस कार्रवाई की। मिली जानकारी के अनुसार, खरसिया मे एसीबी की टीम ने वन विभाग की टीम को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। आरोपी रेंजर ने एक व्यक्ति से रिश्वत मांगी थी, जिसकी शिकायत के बाद एसीबी ने इस कार्रवाई की। शिकायत मिलने के बाद एसीबी टीम ने आरोपी रेंजर को रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी रेंजर पर मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल एसीबी टीम मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपी रेंजर के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।




## सवा 3 करोड़ का सबसे बड़ा घोटाला पकड़ाया

**गरियाबंद,14 फरवरी 2025 (ए)।** समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक ने रिटायरमेंट के बाद संविदा के सहारे कुर्सी संभाली और फिर खुद के कल्याण के लिए करोड़ों रुपए का वारा न्यारा कर दिया. उन्होंने गरियाबंद और धमतरी के बैंकों में विभाग के नाम से फर्जी खाता खुलवाया और 3 साल में सवा 3 करोड़ डकार दिए. मामले की जांच अपर कलेक्टर अरविन्द पांडेय ने की. जांच प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज तत्कालीन उप संचालक एलएस मार्को व डीडीओ प्रभारी मुन्नी लाल पाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

## आईपीएस जीपी सिंह को मिली डीजी रैंक पर पदोन्नति

### राज्य सरकार ने जारी किया आदेश

**रायपुर,14 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने आईपीएस



अधिकारी जीपी सिंह को पुलिस महानिदेशक वेतनमान में पदोन्नति दी है। गृह विभाग शुक्रवार 14 फरवरी इस संबंध में आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, उन्हें 02 जुलाई 2024 से प्रभावी रूप से भारतीय पुलिस सेवा वेतन नियम, 2016 के तहत वेतन मेट्रिक्स लेवल 16 (2,05,400 2,24,400) में पदोन्नत किया गया है।

# अब सुबह 9 बजे से होगी 5 वीं-8 वीं की परीक्षा




### 10 वीं-12 वीं के लिए हेल्पलाइन आज से शुरू

**रायपुर,14 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में 5वीं और 8वीं केंद्रीकृत परीक्षा के समय में बदलाव किया गया है। अब यह परीक्षा सुबह 8 बजे की बजाय 9 बजे से शुरू होगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। इसके अलावा, मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर भी नए निर्देश दिए गए हैं। वार्षिक परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले छात्रों को पूरक परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा।

#### 10वीं-12वीं के छात्रों के लिए हेल्पलाइन सेवा

10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों के लिए शनिवार से हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल यह सुविधा प्रदान करेगा, जिससे छात्र और शिक्षक अपनी शंकाओं का समाधान पा सकेंगे। यह हेल्पलाइन सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

#### 27 फरवरी तक मिलेगी सहायता

हेल्पलाइन सेवा 15 फरवरी से 27 फरवरी तक चालू रहेगी। छात्र और शिक्षक परीक्षा संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिए मंडल के टोल-फ्री नंबर 18002334363 पर कॉल कर सकते हैं।



## छत्तीसगढ विभागीय परीक्षा का टाइम टेबल जारी

### 3 से 10 मार्च तक होगी परीक्षा

**रायपुर,14 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग ने जनवरी 2025 की विभागीय परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह परीक्षा उन अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अनिवार्य रूप से आयोजित की जा रही है, जिनके लिए विभागीय परीक्षा अनिवार्य रूप से निर्धारित है। परीक्षा 3 मार्च 2025 से 10 मार्च 2025 के बीच आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र राज्य के पांच संभागों– रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर (बस्तर) और अंबिकापुर (सरगुजा) में बनाए जाएंगे। परीक्षा के स्थानों का निर्धारण संबंधित संभागीय आयुक्त करेंगे।

## विस्फोटक सामान की सप्लाई करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर,14 फरवरी 2025(ए)।** नक्सलियों को विस्फोटक सामान देने वाले को सुकमा पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के पास से विस्फोटक सामान भी जब्त किया है।

## एआईसीसी के महासचिव बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री बघेल

**रायपुर,14 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी में अहम जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें एआईसीसी के महासचिव बनाए गए हैं। इसके अलावा पंजाब पीसीसी प्रभारी का दायित्व भी दिया गया है. इसका आदेश आज एआईसीसी ने जारी किया है।

## एक्सप्रेस-वे पर चायनीज मांझे में फंसकर बुजुर्ग घायल



**रायपुर,14 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चायनीज मांझे में फंस कर घायल होने की घटना लगातार बढ़ रही है। हाल ही में, चायनीज मांझे के कारण एक स्कूटी सवार बुजुर्ग व्यक्ति का चेहरा गंभीर रूप से कट गया है। घायल को अंबेडकर अस्पताल में उपचार दिया जा रहा है। इससे पहले, 19 जनवरी को चायनीज मांझे की चपेट में आने से एक 7 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई थी।

## कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सहित तीन नेताओं पर गिरी गाज

**बिलासपुर,14 फरवरी 2025(ए)।** कांग्रेस पार्टी में अंदरूनी कलह एक बार फिर सतह पर आ गई है। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 42 चंद्रशेखर आजाद नगर (देवरीखुर्द) में पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ काम करने के आरोप में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश प्रवक्ता अभयनारायण राय सहित तीन नेताओं को छह वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी से निकाले गए नेताओं में अभयनारायण राय के अलावा मनिहार निषाद और इशहाक कुरेशी शामिल हैं।

# टीएस सिंहदेव और भूपेश बघेल की बदलेगी भूमिका

- » बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है कांग्रेस, इन समीकरणों से चर्चा में है नाम
- » छत्तीसगढ़ कांग्रेस सगंठन में बदलाव की अटकलें...
- » दीपक बैज की जगह ले सकते हैं टीएस सिंहदेव...
- » गांधी परिवार के करीबी हैं टीएस सिंहदेव...
- » भूपेश बघेल को भी मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी...



**रायपुर,14 फरवरी 2025(ए)।** लोकसभा चुनाव के बाद कई राज्यों में चुनाव हार चुकी कांग्रेस अपने संगठन में बदलाव कर सकती है। संगठन में बदलाव को लेकर सियासी अटकलें लगाई जा रही हैं। माना जा रहा है कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सीनियर नेता भूपेश बघेल को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। वहीं, राज्य के संगठन में भी बदवाल की अटकलें हैं। टीएस सिंहदेव को प्रदेश का नया अध्यक्ष बनाया जा सकता है। हाल ही में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा था कि अगले विधानसभा चुनाव टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में होंगे।राज्य के राजनीति से बाहर हो सकते हैं भूपेश बघेल अटकलें लगाई जा रही हैं कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। जिस कारण राज्य की सियासत में उनकी सक्रियता कम हो सकती है। भूपेश बघेल कांग्रेस में ओबीसी के सबसे बड़े चेहरे हैं। ऐसे में देशभर में ओबीसी वर्ग को साधने के लिए उन्हें पार्टी का महासचिव बनाया जा सकता है। गुरुवार को भूपेश बघेल दिल्ली दौरे से लौटे हैं। उन्के दिल्ली दौरे से लौटने के बाद राज्य की सियासत तेज हो गई है। संगठन में बदलाव के सवाल पर भूपेश बघेल ने कहा- यह हाईकमान का विशेषाधिकार है। ऐसे मामलों में हमारा कुछ कहना नहीं है। हाईकमान जो भी निर्देश देगा और जहां भी काम सौंपेगा, सभी उसके अनुसार चलेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जब-जब मुझे जिम्मेदारी दी है, मैंने निर्वहन किया है। यह अलग बात है कि कहीं पर परिणाम अच्छा आया तो कहीं पर खराब था। मुझे लगता है कि पार्टी की ओर से आगे जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)